# ...ताकि लोगों को कुतुबखाना पुल के नीचे इतना बोर नहीं करे जाम

## वाल पेटिंग के साथ लुभाएंगी एलईडी लाइटें, एक सेल्फी प्वाइंट भी होगा

- अवैध कब्जों की वजह से जाम की समस्या का अब तक नहीं निकला कोई हल
- स्मार्ट सिटी और निगम ने जाम की चिंता छोड़ शुरू की सौंदर्यीकरण की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जाम की जिस समस्या से निजात दिलाने के लिए 110 करोड़ की लागत से कुतुबखाना पुल बनाया गया था, वह उसके बाद भी खत्म नहीं हुई। पुल का निर्माण पूरा होते ही उसकी सर्विस लेन अवैध कब्जों से घिर गई। पुलिस-प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद ऑटो और ई रिक्शा की भरमार भी कम नहीं हुई। पुल के नीचे अक्सर लगने वाला भीषण जाम अब भी लोगों का इम्तहान ले रहा है लेकिन उसका कोई हल ढूंढने के बजाय स्मार्ट सिटी कंपनी और नगर निगम ने पुल के नीचे सौंदर्यीकरण की तैयारी शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि इस सौंदर्यीकरण से पुल को नई पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 मार्च की शाम को स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से बनवाए गए कुतुबखाना पुल का उद्घाटन किया था और उसी दिन इस पुल के साथ आसपास की कई सड़कों पर लगे भीषण जाम ने इशारा कर दिया था कि जाम खत्म करने के लिए पुल के निर्माण पर 110 करोड़ खर्च करने के बजाय इन सड़कों से अतिक्रमण हटाना ज्यादा जरूरी था। उद्घाटन के बाद जब कई दिनों तक भीषण जाम लगता रहा तो कमिश्नर समेत कई अधिकारियों ने दौरा किया। इस दौरे में अलग-अलग प्वाइंट पर जाम लगने के कारण देखे गए जिसके बाद कई निर्देश भी जारी किए गए लेकिन उन पर भी पूरी तरह काम नहीं हो पाया। नतीजा यह है कि पुल के नीचे अब तक अक्सर जाम लग रहा है।

स्मार्ट सिटी कंपनी दो महीने बाद भी जाम की समस्या का कोई हल तो नहीं ढूंढ पाई लेकिन अब कुतुबखाना पुल को नई पहचान देने का दावा करते हुए उसके नीचे सौंदर्यीकरण की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंगलवार को स्मार्ट सिटी, नगर निगम और कार्यदायी कंपनी के अधिकारियों ने इस संबंध में बैठक कर कार्ययोजना तय करने के लिए विस्तार से चर्चा की। इसमें पुल के नीचे सड़कों के किनारे बाउंड्री वाल पर भी वाल पेंटिंग कराने समेत सौंदर्यीकरण के लिए कई निर्णय लिए गए। तय हुआ कि बुधवार को स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अधिकारी मौके का निरीक्षण भी करेंगे।

फिलहाल तय हुआ है कि कुतुबखाना पुल को खूबसूरत बनने के लिए उसके नीचे सड़क को और बेहतर तरीके से बनाया जाएगा। नॉवल्टी चौराहे से कोहाड़ापीर तक सड़क के किनारों को भी सजाए जाने की योजना है। सड़क के किनारे फुटपाथ को सुंदर रूप दिया जाएगा। पिलर और दीवारों पर वाल पेंटिंग के साथ टाइल्स लगाई जाएंगी। पुल के नीचे पार्किंग की व्यवस्था करने के साथ एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। सड़क के दोनों ओर एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी।



उद्घाटन से पहले कुतुबखाना पुल।



कुतुबखाना पुल के नीचे कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास यह जाम की पुरानी तस्वीर है, अब तक हालात ज्यादा नहीं बदले हैं। ● फाइल फोटो

### दूसरे पुलों के नीचे भी अवैध कब्जों से हाल खराब

शहर के चौपुला, शहामतगंज, सेटेलाइट समेत अन्य पुल भी जाम की समस्या के समाधान के लिए बनाए गए। पुल के नीचे सौंदर्यीकरण भी किया गया लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

> कुतुबखाना पुल के नीचे सौंदर्यीकरण कराने के लिए बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी की टीम के साथ बैठक हुई है। अब मौके का निरीक्षण किया जाएगा। काम शुरू करने के लिए चुनाव आचार संहिता खत्म होने का इंतजार किया जा रहा है।
>
> – **एसके सिंह**, अपर नगर आयुक्त

# चार ही दिन में 7.4 डिग्री चढ़ गया पारा


- 39.1 डिग्री पहुंचा तापमान, इसी सप्ताह 42 पार जाने का अनुमान

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में एक बार फिर बदलाव शुरू हो गया है। तेज धूप से लोग मंगलवार को गर्मी में बेहाल हो गए। चार दिनों में ही अधिकतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़ गया और मंगलवार को 39.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस सप्ताह में यह दिन सबसे ज्यादा गर्म रहा।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने का अनुमान जताया है। इस दौरान पारा 42 डिग्री सेल्सियस पार जा सकता है। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह में गर्मी का प्रकोप बढ़ने वाला है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 40- 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27-28 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान 8-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।




कड़ी धूप से बचना मुश्किल।



## आज से उर्स-ए-ताजुश्शरिया



मथुरापुर के मदरसा जामियातुर्रजा पर उर्स-ए-ताजुश्शरिया का बुधवार को आगाज होगा। हालांकि जायरीन के पहुंचने का सिलसिला पहले से ही शुरू हो गया है। मंगलवार की शाम से मदरसा रोशनी से जगमग करने लगा। ● खबर पेज- 4

### दो साल से अधूरा पड़ा है नकटिया से मोहनपुर तक सड़क का निर्माण

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया से मोहनपुर तक रोड का निर्माण करीब दो साल बाद भी नहीं हो पाया है। पहले सड़क किनारे नाले बनाने में काफी समय लगा। इसके बाद जगह-जगह आरसीसी की सड़क डाली गई ताकि जलभराव न हो। इसके बाद चुनाव आचार संहिता लागू हो गई तो उसके बाद से काम पूरी तरह से रुक गया। इसकी वजह से लोगों को खराब रास्ते से ही होकर गुजरना पड़ रहा है।

### बस अड्डे के अंदर घुसकर सवारियां भर रहे वाहन

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे पर ऑटो और डग्गामार वाहन अंदर घुसकर सवारियां भर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ऑटो वाले ने बस का शीशा भी तोड़ दिया था लेकिन इसके बावजूद रोक नहीं लगी है।

# यात्रियों के लिए हर तरफ मुसीबत... जंक्शन पर ट्रेनें नहीं, रोडवेज के अड्डों से बसें गायब

## किसान आंदोलन की वजह से मुरादाबाद मंडल की 66 ट्रेनें कल तक के लिए डायवर्ट

- बरेली जंक्शन पर मंगलवार को भी कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पंजाब और हरियाणा के शंभू बार्डर पर किसानों के आंदोलन की वजह से करीब एक महीने से लगातार बरेली जंक्शन पर ट्रेनें देरी से पहुंच रही हैं। मुरादाबाद मंडल ने 16 मई तक 66 ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया है, इनमें से अधिकतर ट्रेनें बरेली जंक्शन से होकर गुजरती हैं।

जंक्शन पर मंगलवार को गंगा सतलुज एक्सप्रेस 15 घंटे, 12332 हिमगिरी 10 घंटे 52 मिनट, 13152 सियालदह आठ घंटे 14 मिनट, 14618 जनसेवा पांच घंटे 54 मिनट, 13006 पंजाब मेल एक घंटा 38 मिनट, 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से पहुंची। वहीं बुधवार को 13308 गंगा सतलुज, 15652 लोहित और 15098 अमनरनाथ एक्सप्रेस समेत तीस से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। ट्रेनों के देरी की पहुंचने से रोजाना बरेली जंक्शन से सौ से डेढ़ सौ यात्री अपने टिकट कैंसिल करा रहे हैं।

### मुरादाबाद-बरेली रेलखंड पर कल मेगा ब्लॉक

मुरादाबाद रेल मंडल सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के मुताबिक गुरुवार सुबह 7 से दोपहर 13 :40 बजे तक रामपुर स्टेशन यार्ड में छह घंटे 40 मिनट का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। जिसकी वजह से पांच ट्रेनों को रिशेड्यूल, दो ट्रेनों को निरस्त और एक ट्रेन को डायवर्ट किया गया है। बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में 13152 सियालदह, 15652 लोहित एक्सप्रेस और 15910 अवध असम एक्सप्रेस को 240 मिनट रिशेड्यूल किया गया है।



पुराने बस अड्डे पर बस के इंतजार में परेशान यात्री। ● अमृत विचार

### चुनाव से नहीं लौटीं रोडवेज की 150 से ज्यादा बसें

**बरेली, अमृत विचार :** चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में गईं रोडवेज बसें मंगलवार को भी नहीं लौटीं। बसों की कमी की वजह से सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर यात्री परेशान होते रहे। बुधवार शाम तक बसें लौटने की उम्मीद है लेकिन उसके बाद उन्हें पांचवे चरण के लिए भेज दिया जाएगा। चुनाव में बरेली रीजन की 150 से अधिक बसों को अलग-अलग जिलों में भेजा गया था जो अब तक नहीं लौटी हैं। मंगलवार को पुराने बस अड्डे से मीरगंज, रामपुर, बदायूं, मुरादाबाद और बिजनौर के साथ दिल्ली रूट पर भी बसों की कमी रही। सेटेलाइट अड्डे पर भी शाहजहांपुर, पीलीभीत और बीसलपुर के साथ कानपुर और लखनऊ रूट की बसें न होने से यात्री परेशान हुए। एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव में बसें जाने के बाद शेष बसों के अतिरिक्त फेरे लगवाए जा रहे हैं।







# चार्ज न हो पाने से सिटी बसें भी खड़ी हुई


**बरेली, अमृत विचार :** ट्रांसफार्मर में बंदर चिपकने से स्वालेनगर चार्जिंग स्टेशन की बिजली गुल हो गई। इसकी वजह से सिटी बसें चार्ज नहीं हो सकीं और दोपहर बाद बसों का संचालन ठप हो गया। शाही, शेरगढ़, आंवला और मनौना धाम को जाने वाली बसें न जाने से यात्रियों को परेशानी हुई। सिटी बसों को स्वालेनगर चार्जिंग स्टेशन पर चार्ज करने के बाद ही रूट पर भेजा जाता है।

मंगलवार की सुबह एक बंदर चार्जिंग स्टेशन पर लगे ट्रांसफार्मर में चिपक गया, जिससे चार्जिंग स्टेशन की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ऐसे में बसें चार्ज नहीं होने से उनका संचालन नहीं हो सका। एसडीओ सीबीगंज रोहित कुमार ने बताया कि डिपो के अंदर लगे ट्रांसफार्मर में बंदर चिपकने से फाल्ट हो गया था। फाल्ट ठीक कराने के लिए शटडाउन लिया गया, जिसकी वजह से आपूर्ति बाधित रही।

### चुनाव ड्यूटी में गैरहाजिर 64 और पर रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी में गैरहाजिर रहे 64 और कर्मचारियों के खिलाफ डीएम के आदेश पर बीएसए की तहरीर पर सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ड्यूटी में गैरहाजिर रहने वाले 159 कर्मचारियों के खिलाफ पहले ही रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी हैं। बीएसए संजय सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस ने हरपाल सिंह, नीलम यादव, राशिद हुसैन, अर्चना, सुरेश, कमलेश कुमार, उषा देवी, पुष्पपाल सिंह, बच्चन, बनवारी लाल, राजेश कुमार, चित्र रेखा, कल्पना, सरोज, सुरेंद्र सिंह, डोरी लाल, विजय मोहन, वेदराम, अनुराग शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, कृष्णा शर्मा, प्रदीप सिंह, संदीप शुक्ला, प्रमोद जौहरी, मोहम्मद, मिजाल, राकेश कुमार, कांति देवी आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे,
प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### बच्चा वार्ड में स्टाफ और तीमारदारों में नोकझोंक

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में मंगलवार को तीमारदारों की स्टाफ से नोकझोंक हो गई। स्टाफ ने वार्ड में तीमारदारों की अधिक संख्या होने से संक्रमण फैलने का खतरा जाते हुए उन्हें बाहर जाने के लिए कहा था। एडीएसआईसी के समझाने पर ही तीमारदार वार्ड से बाहर गए। गर्मी में बच्चे लगातार डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। बच्चा वार्ड फुल होने की वजह से 10 बेड का अतिरिक्त वार्ड बनाया गया था, जो भी फुल हो गया है। वार्ड फुल होने की वजह से सुबह ही तीमारदारों का आना जाना लगा रहता है। बच्चों के बेड पर ही तीमारदार सोते और भोजन कर रहे हैं, जबकि एक मरीज के साथ ही एक ही तीमारदार को रुकने की अनुमति है।

### दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

**शीशगढ़, अमृत विचार** : निकाह के तीन माह बाद ही दहेज में 5 लाख की नकदी और बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने चचेरे देवर पर छेड़खानी का भी आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह 24 जनवरी 2024 को गांव के ही युवक से हुआ था। निकाह के पांच दिन बाद ही पति काम करने दिल्ली चला गया। तभी ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।


तहसील परिसर में ही होमगार्डों ने थाने के चौकीदार वीरेंद्र धानुक को सड़क पर गिराकर जमकर पीटा, इस दौरान तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई लेकिन किसी ने भी उन्हें बचाने की कोशिश नहीं की। ● अमृत विचार

# मुफ्त राशन भाजपा का खाओगे... वोट दोगे किसी और को

## थाने के अनुसूचित जाति के चौकीदार को तहसीलदार की सुरक्षा में तैनात होमगार्डों ने तहसील में ही सड़क पर गिराकर पीटा

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

- पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, वीडियो वायरल होने के बाद देर रात रिपोर्ट दर्ज
- पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, वीडियो वायरल होने के बाद देर रात रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार** : अनुसूचित जाति के थाने के चौकीदार वीरेंद्र धानुक को मंगलवार को नवाबगंज के तहसीलदार रजनीश सक्सेना की सुरक्षा में तैनात दो होमगार्डों ने तहसील परिसर में ही बीच सड़क जमकर पीटा। जमकर गालियां देने के साथ कभी उसे रायफल की बटों से मारा तो कभी उसे सड़क पर गिराकर उसका चेहरा बूट से कुचला। वीरेंद्र की गलती इतनी ही थी कि वह आपसी बातचीत में भाजपा के विरोध में बोलने लगा था। घटना के बाद वीरेंद्र की तहरीर पर होमगार्डों की तहरीर पर थाना नवाबगंज में दोनों होमगार्ड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वीरेंद्र ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी शिकायत की है।

नवाबगंज के गांव बहोरनगला के रहने वाले वीरेंद्र धानुक ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह थाने का चौकीदार हैं। मंगलवार शाम करीब चार बजे वजह तहसील में फर्द निकलवाने गए थे। इस दौरान तहसीलदार की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड वीरबहादुर गंगवार और रामपाल गंगवार वहां कई लोगों के साथ बातचीत कर रहे थे। वीरेंद्र के मुताबिक बातचीत के दौरान दोनों उन लोगों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे जिन्होंने मुफ्त राशन लेने के बाद भी भाजपा के अलावा किसी और को वोट दिया है। दोनों गार्डों ने ऐसे लोगों को गंदी गालियां शुरू कीं तो उन्होंने इसका विरोध किया।

वीरेंद्र का कहना है कि उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को जो सरकारी सुविधाएं मिल रही हैं, वही ले रहे हैं लेकिन उन्हें इसका पूरा अधिकार है कि वह चाहे जिसे अपना वोट दें। अपनी इच्छा के मुताबिक कोई भी किसी को वोट दे सकता है। इतनी सी बात पर होमगार्डों ने उन्हें भी गालियां देनी शुरू कर दीं। उन्होंने विरोध किया तो दोनों उन पर टूट पड़े। तहसील परिसर में ही उन्हें सड़क पर गिरा दिया और पीटना शुरू कर दिया। एक ने उनके सिर पर पैर रखकर रगड़ा तो दूसरे ने राइफल की बट से उन्हें बुरी तरह से पीटा।

वीरेंद्र के मुताबिक इस दौरान मौके पर काफी भीड़ भी इकट्ठी हो गई लेकिन कोई उन्हें बचाने आगे नहीं आया। लोग खड़े होकर वीडियो बनाते रहे। वीरेंद्र ने घटना के बाद थाने जाकर दोनों होमगार्ड के खिलाफ तहरीर देने के साथ घटना की मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद देर रात पुलिस ने दोनों होमगार्ड के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। हालांकि उन्हें अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।


वीरेंद्र धानुक के चेहरे पर जूता रखकर रगड़ता होमगार्ड। ● अमृत विचार

### मारपीट के दौरान इकट्ठी हुई भीड़ लेकिन बीचबचाव करने के बजाय तमाशा देखते रहे लोग

**नवाबगंज, अमृत विचार** : प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक होमगार्डों ने थाने के चौकीदार वीरेंद्र धानुक को करीब 20 मिनट तक सड़क पर गिराकर जमकर पीटा। इस दौरान यहां तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई लेकिन कोई भी होमगार्डों को रोककर वीरेंद्र को बचाने के लिए आगे नहीं आया। मारपीट के दौरान होमगार्डों ने बेरहमी और अमानवीयता की सारी हदें पार कर दीं लेकिन लोग वीडियो तो बनाते रहे लेकिन होमगार्डों को रोकने की कोशिश नहीं की। तहसील के कर्मचारी भी अनदेखी करके चलते बने।

> घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों होमगार्डों को बुलाकर उनकी फटकार लगाने के साथ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कस्बे के इंचार्ज विदेश कुमार शर्मा ने दोनों पक्षों को तलब कर मामले की जांच शुरू कर दी है। – **गोविंद मौर्य**, एसडीएम

### 10 दिन बाद भी खराब खाद्यान्न का नहीं कराया सैंपल

**बरेली, अमृत विचार** : एफसीआई गोदाम से कोटेदारों को खराब गेहूं भेजने के मामले में 10 दिन बाद भी एफएसडीए (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग) ने सैंपल नहीं लिया है। एफएसडीए ने एफसीआई में सैंपलिंग को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया है।

सिंगल स्टेज व्यवस्था के तहत ठेकेदारों की ओर से एफसीआई गोदामों से कोटेदारों को खाद्यान्न आपूर्ति की जा रही है। 10 दिन पहले संजय नगर क्षेत्र के कई कोटेदारों को खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए एफसीआई गोदाम से वाहन पहुंचा था। यहां कोटेदार ने गेहूं चेक किया तो कट्टे में घुना गेहूं निकला। जिसका वीडियो बनाकर कोटेदारों ने अधिकारियों को भेज दिया। इसपर अधिकारियों ने गाड़ी वापस भेजकर दूसरा गेहूं भेजा था। इसके अलावा छावनी अशरफ खां से खाद्यान्न की गीली बोरियों का वीडियो वायरल हुआ था। कोटेदारों ने खराब गेहूं का वीडियो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को भेजकर कार्रवाई की मांग भी की थी। सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय एफएसडीए अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम केंद्रीय विभाग है, इसलिए यहां सैंपलिंग करना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

**ठेकेदारों के पास नहीं फूड लाइसेंसः** सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के तहत जो ठेकेदार खाद्यान्न एफसीआई गोदामों तक पहुंचा रहे हैं उनके पास लाइसेंस नहीं है। एक ठेकेदार ने बताया कि उनके लिए शासन से लाइसेंस की कोई अनिवार्यता नहीं है। ठेकेदार खुद को क्रेता या विक्रेता नहीं मानते और केवल परिवहन कर रहे हैं। कोटेदारों के लिए लाइसेंस जरूरी कर दिया गया है, जबकि कोटेदार वही खाद्यान्न बांटते हैं जो उन्हें सिंगल स्टेज व्यवस्था के तहत मुहैया कराया जाता है।

## 15 साल से कम उम्र के 37 सौ बच्चे टीबी के शिकार

अंकित चौहान, बरेली

- आरपीटीएमयू की रिपोर्ट से खुलासा, पूरे मंडल में टीबी ग्रसित बच्चों की संख्या काफी ज्यादा
- टीबी रोगियों के मामले में जिला मंडल में पहले तो बदायूं दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार** : 15 साल से कम उम्र के बच्चे तेजी के साथ टीबी यानी क्षय रोग की गिरफ्त में आ रहे हैं। रिजनल टीबी प्रोग्रेमेटिक मैनेजमेंट यूनिट (आरपीटीएमयू) की रिपोर्ट भी यही कह रही है। मंडल में ऐसे 3710 बच्चे टीबी से ग्रसित हैं। विभागीय अफसरों के अनुसार पीड़ित बच्चों का इलाज चल रहा है।

वर्ष 2025 तक देश से क्षय रोग मिटाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वे चौंका रहे हैं। बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों की बड़ी तादाद टीबी रोगियों के रूप में सामने आई है। मंडल में टीबी रोगियों के मामले में जिला पहले स्थान पर है। दूसरा नंबर बदायूं का है। जबकि पीलीभीत में सबसे कम टीबी रोगी हैं। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में जनवरी से दिसंबर तक जिले में 19145, बदायूं में 10042, पीलीभीत में 4591 और शाहजहांपुर में 10366 मरीज चिह्नित किए थे। मंडल में कुल 44144 मरीज सामने आए, जिनमें आठ प्रतिशत यानी 3710 बच्चे थे। वहीं 2024 में जनवरी से अप्रैल तक जिले में 7426, बदायूं में 3737, पीलीभीत में 1695 और शाहजहांपुर में 3760 टीबी रोगी सामने आ चुके हैं।

### बच्चों में टीबी होने का मुख्य कारण

वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. सुदीप सरन के अनुसार बड़ों की तुलना में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस वजह से वे बहुत जल्द संक्रमण की चपेट में आते हैं। बच्चों की टीबी होने का प्रमुख कारण यह भी है कि अगर घर में किसी सदस्य को टीबी है तो बच्चे उसके संपर्क में आते हैं तो उन्हें भी टीबी होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए परिजनों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

> राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हर साल टीबी रोगियों को चिह्नित किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए निगरानी की जा रही है। –**डॉ. एके चौधरी**, नोडल अधिकारी, आरटीपीएमयू, बरेली

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि टीबी ग्रसित बच्चों की एक तो पहचान देरी से होती है, दूसरे उनका लगातार इलाज नहीं हो पाता। कोर्स बार-बार टूटता है, इसलिए उनका स्वस्थ हो पाना मुश्किल हो जाता है।

### दोबारा किशोरी को उठा ले गया युवक

**नवाबगंज, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी से गांव का ही युवक जबरन निकाह करना चाहता है। वह उससे छेड़खानी करता है। उसने व उसके परिजनों ने कई बार युवक को समझाने की कोशिश की पर वह नहीं माना। एक सप्ताह पूर्व युवक ने परिजनों की मदद से उसकी नाबालिग बेटी को घर से उठाकर अपने घर में बंद कर लिया और जबरन निकाह का दबाव बनाने लगा। मामले की जानकारी पर गांव के जिम्मेदार लोगों के समझाने बुझाने पर युवक ने किशोरी को छोड़ दिया। आरोप है कि सोमवार को युवक के परिवार के लोग उसकी बेटी को उठाकर ले गए जब उसने विरोध किया तो उसके साथ कर उसके साथ छेड़छाड़ भी की।


तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी के बाहर बेहोश पड़ी महिला। ● अमृत विचार

### ओपीडी में फर्श पर बेहोश पड़ी रही दिव्यांग महिला

**बरेली, अमृत विचार** : तीन सौ बेड अस्पताल में मंगलवार को काफी देर लाइन में लगने के बाद खुर्रम गौटिया की रहने वाली बुजुर्ग दिव्यांग महिला को चक्कर आ गया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। वह काफी देर तक जमीन पर बेहोश पड़ी रहीं लेकिन मरीजों के बताने के बावजूद किसी डॉक्टर और स्टाफ ने उनका हाल नहीं जाना। लाइन में लगे मरीजों ने महिला के मुंह पर पानी छिड़का तो उन्हें होश आया।

## पांच घंटे में ठीक नहीं हुआ फाल्ट तो भीड़ ने सबस्टेशन घेरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- केबल में आग लगने के बाद कई घंटे की कटौती से नाराज लोगों ने घेरा उपकेंद्र
- किला से जुड़े इलाकों में रात में पांच घंटे की बिजली कटौती से लोग हुए परेशान

**अमृत विचार**: गर्मी में बिजली कटौती से लोगों का पारा चढ़ने लगा है। हरुनगला में केबल जल जाने से घंटों बिजली गुल होने से नाराज लोगों ने सोमवार रात उपकेंद्र का घेराव कर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे यूपी 112 के पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाकर शांत किया। देर रात करीब एक बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। वहीं किला क्षेत्र में सोमवार रात बिजली कटौती के बाद मंगलवार को दिन में फेस नहीं आने से लोग परेशान हो गए।

पावर कारपोरेशन मुख्यालय ने गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए थे। एक दिन पहले जिलाधिकारी ने भी बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए, इसके बावजूद बिजली कटौती की जा रही है। अब अधिकारी स्टोर में सामान नहीं होने का बहाना बनाकर बिजली कटौती होना बता रहे हैं।

किला उपकेंद्र से जुड़े बानखाना में बंच केबल में फाल्ट होने से मंगलवार की सुबह 6 से 8 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा नदोसी उपकेंद्र के बंडिया, खना गौटिया, तिलियापुर, टियूलिया और धंतिया गांव में भी सोमवार की रात तीन से चार घंटे की बिजली कटौती की गई। सुभाषनगर और मढ़ीनाथ उपकेंद्र के साथ जगतपुर में भी चार से पांच घंटे की कटौती हुई। वहीं चौपुला चौराहे से पटेल चौक तक भूमिगत लाइन का काम पूरा होने के बाद मंगलवार को बिजली के पोल भी हटाने का काम शुरू कर दिया गया। इसकी वजह से भी शटडाउन लिया गया। काफी देर तक बिजली न आने के कारण लोग परेशान होते रहे।


सिविल लाइंस में खंभों की शिफ्टिंग।

### एसडीओ बोले हंगामा होना तो आम बात

हरुनगला उपकेंद्र पर हुए हंगामे के बारे में जब एसडीओ रविन्द्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फाल्ट होने पर कुछ लोग नाराजगी जता रहे थे। हंगामा होना तो आम बात है। क्षेत्र में बेहतर तरीके से बिजली आपूर्ति दी जा रही है। वहीं अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि एक युवक शराब के नशे में आकर बदतमीजी कर रहा था। जिसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई थी। हंगामे जैसी कोई बात नहीं है।

### मुख्यालय को भेजी जा रही 24 घंटे आपूर्ति की रिपोर्ट

सर्किट हाउस के सामने बने पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में बिजली विभाग का कंट्रोल रूम बना हुआ है। यहां जिले की बिजली आपूर्ति को लेकर रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्यालय को भेजी जाती है। मुख्यालय को 24 घंटे आपूर्ति की रिपोर्ट भेजी जा रही है जबकि रोजाना कई-कई घंटे की कटौती की जा रही है।

> बिजली कटौती से काफी परेशान हो गए हैं। रोज सुबह बिजली जाने से काम अधूरे रह जाते हैं। शिकायत के बाद भी जल्दी फाल्ट को ठीक नहीं किया जाता है। –**ईशा पटेल**, महेंद्रनगर

> सुबह से शाम तक एक फेस नहीं आने से घरों में लगे बिजली उपकरण भी ठीक से नहीं चल सके। जेई और अन्य अधिकारियों से शिकायत के बाद शाम 6 बजे समस्या दूर हुई। –**जावेद**, किला

## बैंक के मुख्य प्रबंधक के साथ मारपीट करने पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददजाता, बरेली

- 50 लाख का ऋण अदायगी न होने पर बैंक ने संपत्ति बनाई थी बंधक

**अमृत विचार** : बैंक लोन अदा न करने पर संपत्ति को बंधक बनाने पर महिला के बेटे ने बैंक आफ बड़ौदा आरओएसआरबी के मुख्य प्रबंधक अखिलेश कुमार के साथ मारपीट की। मुख्य प्रबंधक ने कोतवाली में आरोपी नकटिया कैंट निवासी नरेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुख्य प्रबंधक अखिलेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि नकटिया शाखा ने जय देवी की फर्म को 50 लाख रुपये का ऋण दिया था। खाते में पर्याप्त लेनदेन और रुपये जमा न करने के कारण खाता गैर निष्पादित (एनपीए) हो गया। जिस कारण ऋण वसूली के लिए खाता आरओएसआरबी में स्थानांतरित कर दिया गया। ऋण वसूली न होने पर 28 फरवरी 2023 को शाखा ने बंधक संपत्ति को कब्जे में ले लिया। इसके बाद 6 मार्च 2024 तक जय देवी ने खाते की संपूर्ण देनदारी अदा कर दी। इस पर बैंक ने संपत्ति कब्जा मुक्त कर दी। मुख्य प्रबंधक का आरोप है कि जब से कब्जे की कार्रवाई शुरू हुई थी तब से जय देवी का पुत्र नरेंद्र सिंह इसे व्यक्तिगत कार्रवाई मान रहा है और वह बैंक शाखा में आकर प्रबंधक को धमका रहा था। आरोप है कि 25 अप्रैल को दिन में करीब पौने ग्यारह बजे नरेंद्र सिंह शाखा में आया ओर गालीगलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बिथरी : पिछले चुनाव से इस बार कम मतदान

**बरेली, अमृत विचार** : आंवला की ही बिथरी विधानसभा क्षेत्र में भी पिछले चुनाव से 2.71 प्रतिशत कम मतदान हुआ। इस बार यहां 59.98 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया है। पिछले चुनाव में यहां 62.69 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। बिथरी में 4,09,189 मतदाता हैं जिनमें से 2,45,428 ने ही मतदान किया था।

### 9 स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर नहीं, नर्सिंग स्टाफ के भरोसे मरीज

**बरेली, अमृत विचार** : शहरी क्षेत्र में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर डॉक्टरों की कमी है। नगरीय क्षेत्र में 34 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं। करीब एक साल से सिर्फ 25 में ही डॉक्टरों की तैनाती है।

नौ सेंटरों पर डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। यहां नर्सिंग स्टाफ ही इलाज कर रहा है। कुछ डॉक्टरों को दो केंद्रों से अटैच किया गया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सभी एचडब्ल्यूसी चल रहे हैं, जिन सेंटरों पर डॉक्टरों की तैनाती नहीं है, वहां जल्द तैनाती कर दी जाएगी। मरीजों का इलाज प्रभावित न हो, इसके लिए अन्य सेंटरों के डॉक्टरों को सप्ताह में दो-दो दिन सेवाएं देने का आदेश दिया गया है।

## खुद लगाइए अनुमान ... भोजीपुरा में भाजपा ने सिर्फ 20 हजार, नवाबगंज में सपा ने 70 हजार ही क्यों खर्च किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चुनाव खर्च : बरेली विधानसभा क्षेत्र में दोनों प्रत्याशियों ने फूंका सबसे ज्यादा पैसा, दूसरे नंबर पर कैंट
- ऐरन ने 50.70 लाख और छत्रपाल ने दाखिल किया 34.83 लाख के खर्च का ब्योरा

**अमृत विचार** : कहां किस प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार पर कितना खर्च किया, अगर इससे उस क्षेत्र में उसकी उम्मीदों का अंदाजा लगाया जा सकता है तो भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह का चुनाव खर्च चौंकाने वाला है। सपा विधायक शहजिल इस्लाम के कब्जे वाले इस विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने चुनाव प्रचार पर सिर्फ 20 हजार रुपये खर्च किए। इसी तरह कुर्मी बहुल विधानसभा क्षेत्र नवाबगंज में सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन का चुनाव खर्च चौंकाने वाला है। उन्होंने भी यहां सबसे कम सिर्फ 70 हजार खर्च किए।

बरेली संसदीय क्षेत्र के चुनाव में दलीय और निर्दलीय मिलाकर कुल 13 प्रत्याशी थे। बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार का पर्चा खारिज होने के बाद मुख्य मुकाबला सपा और भाजपा के ही बीच हुआ। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक चुनाव खर्च में सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन भाजपा के प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार पर काफी भारी पड़े। कोषागार में दाखिल चुनाव खर्च के अंतिम ब्योरे के मुताबिक उन्होंने अपने चुनाव प्रचार पर 50.70 लाख की धनराशि खर्च की। भाजपा प्रत्याशी की ओर से चुनाव पर सिर्फ 34.83 लाख का खर्च दिखाया गया है। दोनों के चुनाव खर्च में सिर्फ यह एक बात समान है कि दोनों ने सर्वाधिक धनराशि बरेली विधानसभा में खर्च की है।

ऐरन ने बरेली विधानसभा क्षेत्र में करीब 36 लाख, कैंट विधानसभा क्षेत्र में 11 लाख, भोजीपुरा में दो लाख, मीरगंज में एक लाख और नवाबगंज में सबसे कम 70 हजार रुपये ही खर्च किए। उन्होंने कुल 50.70 लाख खर्च किए। छत्रपाल सिंह ने बरेली में 26.13 लाख, कैंट में 5.25 लाख, नवाबगंज में 2.25 लाख, मीरगंज में एक लाख और भोजीपुरा में सिर्फ 20 हजार रुपये चुनाव प्रचार पर खर्च किए।

### जहां सबसे ज्यादा खर्च वहां सबसे कम मतदान

भाजपा और सपा दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा खर्च बरेली विधानसभा क्षेत्र में किया लेकिन इसके बावजूद इस विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 50 .40 ही मतदान प्रतिशत रहा। दिलचस्प यह है कि दूसरा बड़ा खर्च दोनों की ओर से कैंट विधानसभा क्षेत्र में किया गया लेकिन वहां भी सिर्फ 50 .31 प्रतिशत ही मतदान हुआ। भोजीपुरा जहां सबसे कम खर्च किया गया, वहां सबसे ज्यादा 65 .31 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र में 63 .42 प्रतिशत और मीरगंज में 63 .27 प्रतिशत मतदान हुआ।

### बाकी कोई प्रत्याशी बरेली के बाहर गया ही नहीं

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भाजपा और सपा के अलावा बाकी किसी प्रत्याशी ने बरेली के अलावा कहीं और प्रचार ही नहीं किया। बरेली विधानसभा क्षेत्र में पीस पार्टी के प्रत्याशी इरशाद अंसारी ने 34 हजार, सम्राट मिहिर भोज पार्टी के जगपाल सिंह यादव ने 35 हजार, भारत जोड़ो पार्टी के मो. नाजिम अली ने 80 हजार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के भूपेंद्र कुमार मौर्य ने 70 हजार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के रवि कुमार ने 25 हजार और जनशक्ति एकता पार्टी के रोहताश कश्यप ने 25 हजार खर्च किए।

### दातागंज : करीमपुर पक्तौर में सर्वाधिक 79.13, खेड़ा जलालपुर बूथ पर सबसे कम 13.83 फीसदी मतदान

**बरेली, अमृत विचार** : आंवला संसदीय क्षेत्र के दातागंज विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान हुआ। ज्यादातर बूथों पर पिछले चुनावों से काफी कम मतदान हुआ। हालांकि कहीं-कहीं मतदाताओं ने जमकर मतदान किया।

दातागंज विधानसभा क्षेत्र में कुल 4,15,731 मतदाता हैं जिनमें 2,24984 पुरुष और 1,90721 महिलाएं हैं। इन्होंने 459 बूथों पर मतदान किया। प्रशासन की ओर से मंगलवार को जारी बूथवार आंकड़ों के मुताबिक दातागंज के करीमपुर पक्तौर में सबसे ज्यादा 79 .13 फीसदी और सबसे कम खेड़ा जलालपुर पोलिंग बूथ पर 13 .83 फीसदी मतदान हुआ।

सर्वाधिक मतदान वाले 10 बूथ : देवचरी कमरा नंबर एक पर 79 .07, रम्पुरा खुर्द कमरा नंबर एक पर 78 .98, प्राथमिक स्कूल बरारा कमरा नंबर एक पर 76 .82, अमनाबाद कमरा नंबर एक पर 75 .87, कुंद्रा खरसाई कमरा नंबर एक पर 74 .41, भुड़ेली कमरा नंबर एक पर 73 .23, सरकारी समिति पारा दातागंज दक्षिण रक 73 .55, बुढ़वा रुखाड़ा कमरा नंबर एक पर 73 .89, सेहगई उर्फ कलैया खेड़ा कमरा नंबर एक पर 72 .95 और नगरिया भूरी मजरा रिजौला कमरा नंबर एक पर 71 .20 प्रतिशत मतदान हुआ।

इन बूथों पर सबसे कम मतदान : प्राथमिक स्कूल जती कमरा नंबर दो पर 28 .88, ममता गांधी हायर सेकेंड्री स्कूल उसावां पर 31 .03, समाज कल्या हायर सेकेंड्री स्कूल कमरा नंबर पांच पर 31 .15, समाज कल्याण हायर सेकेंड्री स्कूल कमरा नंबर तीन पर 35 .33, समाज कल्याण हायर सेकेंड्री स्कूल कमरा नंबर दो पर 35 .10, ममता गांधी हायर सेकेंड्री स्कूल उसावां कमरा नंबर एक पर 36 .11, प्राथमिक स्कूल कमरा नंबर दो पर 36 .62, जूनियर हाईस्कूल जमालपुर कमरा नंबर एक पर 37 .42, जूनियर हाईस्कूल जमालपुर कमरा नंबर दो पर 37 .59, पिपला पुखत कमरा नंबर एक पर 39 .18 और जूनियर हाईस्कूल अलापुर कमरा नंबर एक पर 38 .18 प्रतिशत मतदान हुआ।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें: संजीव कुमार पाण्डेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

## रेडिसन पहुंचे गायक रूप कुमार राठौड़



**बरेली, अमृत विचार** : मशहूर गायक रूप कुमार राठौड़ मंगलवार को होटल रेडिसन पहुंचे। यहां होटल प्रबंधन की ओर से जाकिर ने उनका स्वागत किया। एमडी मेहताब सिद्दीकी ने बताया कि गायक रूपकुमार यहां बतौर अतिथि ठहरे हुए हैं। वह व्यक्तिगत दौरे पर यहां आए हैं। रूपकुमार बॉर्डर, सरफरोश, अनवर, वीर जारा समेत तमाम फिल्मों में सुपरहिट गीत दे चुके हैं। वह शाहरुख खान के लिए रब ने बना दी जोड़ी फिल्म में तुझमें रब दिखता है, यारा मैं क्या करूं गीत गा चुके हैं। वह गायकी से पहले तबला वादक रहे। उनके पिता पंडित चतुर्भुज राठौड़ भी मशहूर तबला वादक रहे हैं।

## यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष बने रामकुमार



**बरेली, अमृत विचार** : पुराने बस अड्डे पर मंगलवार को यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन बरेली क्षेत्र का वार्षिक चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी जगवीर सिंह यादव की देखरेख में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से राम कुमार उपाध्याय को निर्विरोध क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया। रविन्द्र पांडे को क्षेत्रीय मंत्री और अवधेश पाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर वेद प्रकाश तिवारी, हंसराम, सुशील कुमार, सुरेश कुमार, मुसरत रजा, अनिल सक्सेना, सुरेन्द्र भसीन, राजेश शर्मा, कृष्णा मुरारी, राकेश निगम, सुधीर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पर्यटन का अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदानः मेहताब



**बरेली, अमृत विचार** : पर्यटन का अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रदेश की नई पर्यटन नीति उद्यमियों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। पर्यटन क्षेत्र में निवेशकों को काफी मदद मिल रही है। यह बातें आरएमएस ग्रुप के एमडी मेहताब सिद्दीकी ने होटल रेडिसन में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। कहा कि जल्द पूरी विलासिता के साथ नया प्रोजेक्ट रेडिसन ब्लू 20 हजार वर्गफीट में पिलर लेस योजना से सुरक्षित ढांचे में बनाया जाएगा। जिसमें 2 हजार लोगों की क्षमता वाला कवर्ड एसी बैंक हॉल, पर्यावरण अनुकूल माहौल, 2 रेस्तरां के साथ अंतरराष्ट्रीय शीतकालीन उद्यान, एक और ओलंपिक स्विमिंग पूल होगा। होटल कारोबार में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

## राशन दुकानों पर कार्डधारकों की लाइन

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त राशन का वितरण मंगलवार से शुरू हो गया है। अभी से राशन दुकानों पर कार्ड धारकों की लाइनें लगने लगी हैं। पूर्ति विभाग के मुताबिक 29 मई तक राशन का वितरण होगा। शहरी और ग्रामीण इलाकों में करीब 7 .8 लाख कार्ड धारकों को राशन बांटा जाएगा। मंगलवार को ब्रह्मपुरा, जाटवपुरा, शाहबाद, सिकलापुर, बिहारीपुर, सुभाषनगर, पुराना शहर आदि इलाकों में राशन बांटा गया।

# परचमकुशाई के साथ आज होगा उर्स-ए-ताजुश्शरिया का आगाज

### मथुरापुर और सौदागरान में जुटने लगे देश-विदेश से जायरीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उर्स को लेकर जामियातुर्रजा में इंतजाम चाक चौबंद
- आनलाइन भी सुने जा सकेंगे उर्स-ए-ताजुश्शरिया के कार्यक्रम

**अमृत विचार** : उर्स-ए-ताजुश्शरिया का आगाज बुधवार को परचमकुशाई की रस्म के साथ होगा। उर्स में शामिल होने के लिए विदेश-विदेश से जायरीन के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। उर्स को लेकर मथुरापुर स्थित मदरसा जामियातुर्रजा में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सौदागरान स्थित दरगाह ताजुश्शरिया पर भी जायरीन हाजिरी देने पहुंच रहे हैं। उर्स के कार्यक्रम ऑनलाइन भी सुने जा सकेंगे।

बुधवार को काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खान कादरी की सरपरस्ती और सदारत में परचम कुशाई की जाएगी। जमात रजा-ए-मुस्तफा के महासचिव फरमान मियां ने बताया कि देश विदेश में ताजुश्शरिया के करोड़ों मुरीद और चाहने वाले हैं। जिनमें से बहुत से लोग उर्स में हाजिरी के लिए बरेली पहुंच चुके हैं। जमात के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उर्स प्रभारी सलमान मियां ने बताया कि जमात के स्वयंसेवकों को जायरीन की खिदमत में लगाया गया है। मेहंदी हसन, हाफिज इकराम, शमीम अहमद, मोईन खान, नावेद खान साकिब अली, अब्दुल सलाम अली रजा, शरीफ उद्दीन रजवी, आमिर रजा, मोहम्मद रफी, मोहम्मद अनस रजा आदि को उर्स की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



दरगाह के पास सजी दुकानों पर खरीदारी करने पहुंचे उर्स में आए लोग।

### दो दिवसीय उर्स का कार्यक्रम

बुधवार शाम सौदागरान स्थित दरगाह ताजुश्शरिया पर फज्र की नमाज के बाद कुरान ख्वानी व नात और मनकबत की महफिल का आयोजन होगा। शाम को परचमकुशाई की जाएगी। मथुरापुर स्थित मदरसा जामियातुर्रजा में ईशा की नमाज के बाद उलमा की तकरीर होगी। रात में 1 : 40 बजे मुफ्ती-ए-आजम हिंद का कुल होगा। गुरुवार सुबह 7 :10 बजे मुफस्सिर-ए-आजम का कुल होगा। जामियातुर्रजा में जोहर की नमाज के बाद मनकबत व उलमा तकरीर का कार्यक्रम चलेगा। शाम 7 :14 बजे ताजुश्शरिया के कुल की रस्म अदा की जाएगी।

## विद्युत सुरक्षा की टीम भी करेगी हादसे की जांच

**बरेली, अमृत विचार** : रिठौरा उपकेंद्र पर तैनात संविदा लाइनमैन सुरेश की करंट लगने से मौत की जांच विद्युत सुरक्षा की टीम भी करेगी। इसके बाद ही सुरेश के परिजनों को मुआवजा मिलेगा। इज्जतनगर पुलिस भी विभागीय जांच रिपोर्ट के बाद ही एफआईआर दर्ज करेगी। मंगलवार को बिजली विभाग की टीम ने मामले में जांच की और स्टाफ के बयान दर्ज किए। संविदा लाइनमैन सुरेश शनिवार को क्षेत्र में फाल्ट ठीक कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि सुरेश ने फाल्ट ठीक करने से पहले शटडाउन मांगा था, लेकिन शटडाउन के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल कर दी, जिससे करंट की चपेट में आकर सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## एडीएसआईसी ने देखी सफाई व्यवस्था

**बरेली, अमृत विचार** : डीएम के एडीएसआईसी पर नाराजगी जताने के बाद मंगलवार को जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था कुछ हद तक ठीक नजर आई। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा खुद भी सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकलीं और वार्डों का निरीक्षण किया। डीएम रविंद्र कुमार ने सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया था। इस दौरान अस्पताल परिसर में कई जगह गंदगी मिली तो उन्होंने एडीएसआईसी पर नाराजगी जताते हुए एजेंसी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था। मंगलवार को एडीएसआईसी ने सफाई कराने वाली एजेंसी को नोटिस जारी कर दिया। इसमें चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर एजेंसी को काली सूची में डाल दिया जाएगा।

# पुरुषों की नसबंदी का 60 फीसदी भी लक्ष्य पूरा नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले साल 45 का था लक्ष्य, 25 ने ही कराई नसबंदी

**अमृत विचार** : जिले में परिवार नियोजन की जिम्मेदारी महिलाओं पर ही है। नसबंदी के मामले में महिलाओं की तुलना में पुरुष पीछे हैं। स्वास्थ्य विभाग पुरुष नसबंदी का 60 फीसदी लक्ष्य भी पूरा नहीं कर पा रहा है।

शासन ने स्वास्थ्य विभाग को वर्ष 2022-23 में 45 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य दिया था। जिसके सापेक्ष महज 25 पुरुषों ने ही नसबंदी कराई, जबकि महिला नसबंदी का लक्ष्य 4431 था, जिसके सापेक्ष 3925 महिलाओं ने नसबंदी कराई। वर्ष 2023-24 में भी महिला और पुरुष नसबंदी का यही लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 4293 महिलाएं नसबंदी करा चुकी है। पुरुषों की नसबंदी का आंकड़ा सिर्फ 20 है।

### भ्रांतियों के कारण नसबंदी कराने से कतराते हैं पुरुष

परिवार नियोजन के जिला समन्वयक डॉ. अरुण पांडेय ने बताया कि नसबंदी कराने पर महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक प्रोत्साहन राशि दी जाती है। महिलाओं दो और पुरुषों को तीन हजार रुपये मिलते हैं। भ्रांतियों के कारण पुरुष नसबंदी कराने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि नसबंदी कराने के बाद फिजिकल रिलेशन में समस्या आ सकती है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है, जबकि नसबंदी साधारण प्रक्रिया है, जिससे पुरुषों को किसी भी तरह की समस्या नहीं होती है।

## स्वास्थ्य विभाग और आईएमए मिलकर लोगों को परिवार नियोजन के प्रति करेगा जागरूक



गोष्ठी में मौजूद आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव, डिप्टी सीएमओ डॉ. राकेश, डॉ. पवन, डॉ. लईक, गायनी सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा, डॉ. गायत्री सिंह ।

- द चैलेंज इनिशिएटिव-पीएसआई इंडिया के सहयोग से गोष्ठी आयोजित
- प्राइवेट प्रोवाइडर मोबाइल एप्लीकेशन लांच, डॉक्टरों को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार** : परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और आईएमए के चिकित्सक मिलकर काम करेंगे। इससे परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति मिलेगी। इस संबंध में मंगलवार को आईएमए भवन में आयोजित गोष्ठी में विभिन्न जिलों के निजी अस्पतालों के करीब 50 प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। परिवार नियोजन कार्यक्रम में सहयोग के लिए चिकित्सकों को सम्मानित भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में द चैलेंज इनिशिएटिव (टीसीआई) एवं पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से यह गोष्ठी हुई। अध्यक्षता करते हुए डिप्टी सीएमओ डॉ. राकेश कुमार ने प्राइवेट प्रोवाइडर मोबाइल एप्लीकेशन को लांच किया। सभी को एप्लीकेशन डाउनलोड करने के साथ हर महीने अपडेट करने का निर्देश दिया गया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने कहा कि आईएमए से जुड़े चिकित्सक भी परिवार नियोजन काउंसलिंग के साथ रेफरल में स्वेच्छा से योगदान देंगे। प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा और सचिव डॉ. गायत्री ने उच्च प्रभावी हस्तक्षेप, प्रसवोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं से जोड़ने, क्षमता निर्माण और आंकड़ों के संग्रह पर जोर देने की बात कही। डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी ने नर्सिंग होम रजिस्ट्रेशन रिन्यूवल की प्रक्रिया के बारे में बताया। परिवार नियोजन के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. मृदुला, डॉ. गायत्री, डॉ. आशु, डॉ. रूचि श्रीवास्तव, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. अनीता छाबरिया और डॉ. अनीता नाथ को सम्मानित किया गया।

# संयुक्त परिवार में रहने से बच्चों को सुरक्षा के साथ मिलते हैं संस्कार

### बदलती आर्थिक संरचनाओं से लोग बढ़ रहे एकल परिवार की ओर

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाओं की वजह से लोग एकल परिवार की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसा कर वह संयुक्त परिवार में रहने से होने वाले कई फायदों से दूर जा रहे हैं। लोगों को संयुक्त परिवार के महत्व के बारे में बताने के लिए 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। बरेली में भी कई ऐसे संयुक्त परिवार हैं जो कई साल से एक साथ रहते हैं। इन परिवार के सदस्यों का कहना है कि संयुक्त परिवार में बच्चों में संस्कार और सुरक्षा की भावना अधिक सृजित होती है। समाजशास्त्री का कहना है कि संयुक्त परिवार में रहने वाले लोग ज्यादा सुखी रहते हैं।

### संयुक्त परिवार में लोग ज्यादा सुखी

बरेली कॉलेज के समाजशास्त्र के असि. प्रो. अमित का कहना है दोनों तरह के परिवार हमें समाज में देखने का मिल जाते हैं, लेकिन संयुक्त परिवार में रहने से लोग ज्यादा सुखी रहते हैं।वहीं महिलाएं अपने आपको अधिक प्रतिबंधित समझती हैं। दूसरी तरफ एकल परिवारों में कह सकते हैं कि पति-पत्नी को साथ में अधिक समय मिलता है लेकिन अवसाद के मामले भी इनमें अधिक पाये जाते हैं।



अशोक गोयल का परिवार। ● अमृत विचार

### संयुक्त परिवार में बड़े-बड़े दुखों को झेल सकते हैं

मेरे परिवार में इस समय 40 सदस्य रहते हैं, जिसमें से 11 महिलाएं हैं। संयुक्त परिवार में बड़े-बड़े दुखों को आसानी से झेला जा सकता है। इसमें रहना भी आसान नहीं होता है। हमेशा संयम और धैर्य से काम लेना होता है। जमाना बदला है, ऐसे में पहले की तुलना में हम नए जमाने की पीढ़ी को प्रतिबंधित नहीं कर सकते, लेकिन उन्हें सही गलत समझा सकते हैं। समय के साथ सबको बदलना होता है।

–**अशोक गोयल**, अशोका फोम

### परिवार में रहती है सुरक्षा की भावना



देवेंद्र खंडेलवाल का परिवार। ● अमृत विचार

मेरे परिवार में इस समय 45 लोग संयुक्त रूप से रह रहते हैं। परिवार में 25 महिलाएं और शेष बच्चे और पुरुष हैं। संयुक्त परिवार में सुरक्षा की भावना रहती है और बच्चों को बुजुर्गों से संस्कार सीखने को मिलते हैं और एकल परिवारों की तरह बच्चे मेहमानों की तरह मिलने नहीं आते हैं। आजकल लोग संयुक्त परिवार के लोगों के 95 प्रतिशत सुख न देखकर पांच प्रतिशत नकारात्मकता से अधिक प्रभावित रहते हैं। इसलिए लोग वर्तमान समय में एकल परिवारों की ओर भाग रहे हैं।

–**देवेंद्र खंडेलवाल**, किप्स परिवार, रामपुर गार्डन

### बच्चों को मिलता है हर सुख, किसी तरह की असुरक्षा भी नहीं

संयुक्त परिवार में रहने का अपना फायदा है। मेरे परिवार में 14 लोग एक साथ एक ही घर में रहते हैं। ऐसे परिवार में बच्चों को हर सुख मिलता है और उन्हें किसी भी तरह की असुरक्षा नहीं महसूस नहीं होती है। एक व्यक्ति यदि बाहर जाता है तो अन्य लोग घर-परिवार और व्यापार को देख लेते हैं। कभी यह नहीं लगता की जीवन में अकेले हैं। नुकसान तब होता है जब संयुक्त परिवार में लोग अपने मन से न रहकर जबरदस्ती रहते हैं। किसी दबाव में साथ रहने से आपसी मन-मुटाव हो सकता है।

–**कंचन अरोड़ा**, मॉडल टॉउन

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. प्रेम गंगवार B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior) वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिए निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज 10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808 रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

चरक पैथलैब विश्वसनीय परिणाम FullBody BLOOD TEST PACKAGE CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR 1499/- ONLY 799/- जाँचों पर विशेष छूट चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi वरिष्ठ न्यूरो सर्जन मो. 7417389433 बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8 7017678157 सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

THE TOOTH LOUNGE A COMPLETE DENTAL CARE SOLUTION Regd. No.: 21537 दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना, दाँतों के रंग की फिलिंग करना, दाँतों का निकालना, दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग, दाँत एवं बत्तीसी बनवाना, RCT, डिजिटल एक्स-रे, टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना, डेंटल इम्प्लांट 15 मई तक निःशुल्क परामर्श डॉ. नेहा अग्रवाल BDS, MIDA (Dental Surgeon) Mob.: 9870822971 Timing: 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM 83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

डॉ. हारिस अंसारी एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी) Consultant Urologist & Andrologist गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन प्रोस्टेट (गदूद का ऑपरेशन) (TURP) गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL) गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त डॉ. एम. खान हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC 1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा नेत्र सर्जन डॉ. आफताब आलम एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.) रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778 ऑर्थोडेंट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज दर्पिन हॉस्पिटल संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE डॉ. अरशद अली नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ Ph.: 9359110376 डॉ. शाहिदा बी. खान सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराइज्ड लैब सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हेल्प लाईन-8266051117

डा० आदित्य त्यागी MBBS, DOMS DNB MINAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON Trust your eyes with us भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली TIME: 10:00 AM TO 5:00 PM 8077344353 ADITYA 50000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव अब इस पते पर उपलब्ध है:- आँखों का अस्पताल आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## 12 वीं के होनहार


अभिनव राठौर 88% बासुबरल स्कूल


अखिल मौर्या 91.2% बासुबरल स्कूल


खुशी अग्रवाल 95% चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल


जसकीरत सिंह 93.4% बीबीएल स्कूल


आस्था आनंद 85% बीबीएल स्कूल


कृतिका बाजपेई 85% बीबीएल स्कूल


आकांक्षा रानी 90% सोबती पब्लिक स्कूल


समृद्धि गोयल 95.2% विद्या वर्ल्ड स्कूल


गौरी शर्मा 93.3% विद्या वर्ल्ड स्कूल


स्मृति शर्मा 92% विद्या वर्ल्ड स्कूल


प्रशांत सिंह 96.2 % दिल्ली पब्लिक स्कूल


सावन गंगवार 95.8 % दिल्ली पब्लिक स्कूल

प्रजिता राजोरिया 96% माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल | जहान्वी तयाल 94.8% माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल | नैंसी पटेल 91.60 % बासुबरल स्कूल | श्रद्धा नहा 94.6 % द गुरु | आकांक्षा दिवाकर 95 % द गुरु | कोमल गंगवार 95.4% द गुरु

## 10 वीं के होनहार


विशेष गंगवार 98 % दिल्ली पब्लिक स्कूल


पार्थ सारथी 97.4 98 % दिल्ली पब्लिक स्कूल


अश्मी सक्सेना 92.8 % जिंगल वेल्स पब्लिक स्कूल


अन्नय अग्रवाल, 96.5 % जीआरएम स्कूल


आयुष रावत 89.60% बासुबरल स्कूल


मो. हसन 86.60% बासुबरल स्कूल


कृष्णा बंसल 84.6 % बीबीएल स्कूल


चहक अग्रवाल 96.6% विद्या वर्ल्ड स्कूल


रणवीर सक्सेना 95.6 % विद्या वर्ल्ड स्कूल


अनिरूद्ध तोमर 94.2 % विद्या वर्ल्ड स्कूल

### संकल्प के छात्रों ने पाई सफलता



बरेली। पीलीभीत रोड स्थित संकल्प विद्या एकेडमी के छात्र प्रबोध सिंह ने 10 वीं में 97.5, आदित्य पटेल ने 91.5 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। एकेडमी के निदेशक हनी सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

रूशान हुसैन 85.40 % बासुबरल स्कूल | कृष्णा बंसल 84.6 % बीबीएल स्कूल
निशिका राठी 95.4% द गुरु | मिनाक्षी 95.2 % द गुरु

### मेधावियों को किया सम्मानित



बरेली, अमृत विचार : सेंट फ्रांसिस स्कूल में मंगलवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। 12 वीं में मो. अब्बास मलिक ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य सिस्टर एनी रोज ने माला पहनाकर मेधावियों को सम्मानित किया। मेघा कपूर ने 95.6, गुर सिरजन कौर ने 94.6, उत्कर्ष गुप्ता ने 94, खुशी सक्सेना ने 93.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### मरकरी एजुकेशन कोचिंग के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में दबदबा



बरेली, अमृत विचार : आलमगीरीगंज स्थित मरकरी एजुकेशन कोचिंग से तैयारी कर रहीं 12 वीं की छात्रा माहिरा खान ने अकाउंट्स में 95.5, रिया अग्रवाल ने 96, अपूर्वा गौड़ ने विज्ञान में 95.3 और हिफ्जा ने 92 फीसदी अंक प्राप्त किए। 10 वीं में आदित्य मित्तल ने 96.4, खुशी अग्रवाल ने 96, इपशिता मित्तल ने 95, कृष्णा अग्रवाल ने 94.4, देवांश अग्रवाल ने 93, जितेश रस्तोगी ने 92.8, राघव भारद्वाज ने 91.8, काव्या खंडेलवाल ने 91.2, आकर्ष अग्रवाल ने 90.6, पार्थ अग्रवाल ने 88 फीसदी अंक प्राप्त किए। कोचिंग के निदेशक विवेक कुमार अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर खुशी जताई है।

# आज से शुरू होंगे स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के प्रवेश पंजीकरण

## बरेली कॉलेज :बीबीए, बीसीए और यूजी डिप्लोमा में होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए कल से होंगे पंजीकरण

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक के स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के प्रवेश पंजीकरण बुधवार से शुरू हो जाएंगे। छात्रों को बीसीबी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर 150 रुपये शुल्क देकर पंजीकरण करना होगा। वहीं कॉलेज में बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए गुरुवार से पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। इसके लिए पोर्टल अपडेट किया जा रहा है। स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश त्रिपाठी ने बताया कि बीकॉम ऑनर्स की 160 सीट, बीसीए की 160 सीट, बीबीए की 240 सीट और सभी यूजी डिप्लोमा की प्रत्येक की 30 सीट के सापेक्ष प्रवेश के लिए पंजीकरण होंगे। छात्रों को 10 जून तक पंजीकरण कराकर पंजीकरण स्लिप और सभी दस्तावेज संबंधित विभाग में जमा करने होंगे। वहीं बरेली कॉलेज की मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश पंजीकरण के लिए गुरुवार को पोर्टल खोला जाएगा।

### अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में जल्द शुरू होंगे प्रवेश

बरेली, अमृत विचार : रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय और साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालयों में जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एक-दो दिन में पोर्टल पर पंजीकरण भी शुरू हो जाएंगे। अवंतीबाई महाविद्यालय में स्नातक में बीए की 720, बीकॉम की 160, बीएससी जीव विज्ञान की 80 और बीएससी गणित की 80 सीटों पर प्रवेश होंगे। अवंतीबाई कॉलेज का पोर्टल अपडेट किया जा रहा है। पोर्टल अपडेट होने के बाद पंजीकरण शुरू होंगे। वहीं साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में बीए की 720, बीएससी गृह विज्ञान की 60 और बीकॉम ऑनर्स की 60 सीटें हैं।

### बीटेक, एमटेक के परीक्षा फार्म आज से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित एमएससी, बीटेक, बीफार्म, एमटेक-पीएचडी की मुख्य परीक्षा के फार्म 14 मई से भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम ओर अष्टम सेमेस्टर के संस्थागत, बैक और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के छात्र 25 मई तक फार्म भर सकेंगे।

### एलएलएम की सम सेमेस्टर की परीक्षा 28 से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलएम के नए पाठ्यक्रम की द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 28 मई से होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक द्वितीय पाली में 11 से 2 बजे तक होगी। परीक्षा 12 जून को समाप्त होगी।

## साक्षात्कार के स्मार्ट रोबोट डिजाइन के पेटेंट को मंजूरी

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के शिक्षकों की ओर साक्षात्कार के लिए तैयार किए गए स्मार्ट रोबोट के डिजाइन के पेटेंट को भारत सरकार से मंजूरी मिल गई है। इस रोबोट के इस्तेमाल से साक्षात्कार की प्रक्रिया आसान होगी और इसका लाभ साक्षात्कार लेने और देने वाले दोनों को मिलेगा।

इससे साक्षात्कार के समय साक्षात्कारदाता के चेहरे के भावों, उनकी शारीरिक भाषा, उनके प्रदर्शन आदि की उनको त्वरित प्रति पुष्टि प्राप्त होगी।

इसके साथ ही साक्षात्कारकर्ता को पक्षपात रहित मूल्यांकन पद्धति द्वारा सबसे उत्तम अभ्यर्थी के चयन में सहायता मिलेगी। इस स्मार्ट प्रणाली में एक कैमरा है जो साक्षात्कारदाता के चेहरे के भावों, उनकी शारीरिक भाषा, उनके प्रदर्शन आदि को रिकॉर्ड कर और कृत्रिम बुद्धि आधारित अल्गोरिथम उसका सही और सटीक विश्लेषण करने में सहायता करेगी। रोबोट डिजाइन बनाने वाली टीम में बरेली कॉलेज के डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. अभिषेक शर्मा और डॉ. सारा बासु और अन्य शामिल हैं।

# अब बारिश के बाद स्टेडियम में ट्रैक पर बिछेगा सिंथेटिक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रैक पर पीसीसी और डब्ल्यूबीएम का चल रहा काम

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक में सिंथेटिक को अब बारिश के बाद बिछाया जाएगा ताकि बारिश में ट्रैक खराब न हो। ट्रैक पर वर्तमान में पीसीसी-डब्ल्यूबीएम का काम हो रहा है।

अप्रैल में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण शुरू हुआ। करीब डेढ़ महीने में खुदाई, पानी निकासी के लिए नालियों समेत अन्य काम पूरे हो गए हैं। ट्रैक का काम करा रही निजी कंपनी के सुपरवाइजर सतीश ने बताया कि वर्तमान में नाली बनने और पीसीसी का काम लगभग खत्म हो गया है। जून तक सभी छोटे- बड़े काम पूरे कर लिए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैक पर सड़क डालकर उसे मानसून तक छोड़ा जाएगा। जिससे अगर पानी पड़ने पर कुछ रोड धंसे तो उसे ठीक करने के बाद सिंथेटिक बिछाने का काम किया जाएगा। सिंथेटिक ट्रैक का काम लगभग अक्टूबर तक समाप्त होने का अनुमान है। इस संबंध में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया की सिंथेटिक ट्रैक बनने से एथलेटिक खिलाड़ियों को फायदा होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाला ट्रैक बनने से राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो सकेगा।

### सब जूनियर और जूनियर प्रतियोगिता के लिए 18 को ट्रायल

**बरेली, अमृत विचार :** मेरठ में 1 से 7 जून तक बालक और बालिका वर्ग की 28वीं सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 2 और 3 जून को पीलीभीत में जूनियर स्टेट चैंपियनशिप होगी। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव सोनेंद्र श्रोतिया ने बताया कि बरेली की टीम भी प्रतियोगिताओं में भाग लेगी। इसके लिए जिले की टीम का चयन 18 मई को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सब-जूनियर मुकाबले के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को आयुवर्ग मानकों के अनुसार 1 जनवरी 2011 को या उसके बाद की जन्मतिथि का होना अनिवार्य है, वहीं, जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता बालक और बालिका को एक जनवरी 2006 को या उसके बाद की जन्मतिथि होना अनिवार्य है।

### कौशल विकास योजना में साहू रामस्वरूप की 19 छात्राओं का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की फैशन डिजाइनिंग की 19 छात्राओं का मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत परीक्षक के रूप में चयन हुआ है। चयनित छात्राएं योजना में संचालित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में परीक्षक की भूमिका निभाएंगी। इसके लिए छात्राओं को परीक्षा में बैठने वाले छात्र संख्या के आधार पर मानदेय दिया जाएगा। इसके अलावा फैशन डिजाइन विभाग की छात्रा आंचल का चयन कपड़ा मंत्रालय में हैंडिक्राफ्ट डिजाइनर के पद पर हुआ है। आंचल ने बताया कि उनके साथ देश से लगभग तीन सौ छात्रों का चयन हुआ है।

# बरेली की स्नेहा ने यूएसए में सिल्वर मेडल अपने नाम किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- अमेरिका में नेशनल राइफल/ पिस्टल जूनियर ओलंपिक चैंपियनशिप में लिया भाग
- पेरू में होने वाली जूनियर विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में खेलना चाहती हैं स्नेहा

**अमृत विचार :** बरेली निवासी स्नेहा गुप्ता ने अमेरिका में नेशनल राइफल एवं पिस्टल जूनियर ओलंपिक चैंपियनशिप 2024 में सिल्वर मेडल जीता है। इस मेडल के साथ स्नेहा ने अंडर-21 में अमेरिका में दूसरी रैंक हासिल करने की उपलब्धि भी अपने नाम की है। वह जूनियर विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की ओर से खेलना चाहती हैं। यह चैंपियनशिप सितंबर और अक्टूबर के मध्य पेरू की राजधानी लीमा में होगी।

स्नेहा एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति की नातिन हैं। उनके पिता प्रो. श्यामल गुप्ता लखनऊ स्थित एसआरएमएस संस्थानों के डायरेक्टर हैं। स्नेहा लखनऊ के कुंसकैपकालन स्कूल में 10 वीं की छात्रा हैं। उनके पिता ने बताया कि यूएसए ओलंपिक एसोसिएशन की संस्था यूएसए शूटिंग की ओर से 14 से 16 अप्रैल में नेशनल राइफल/ पिस्टल जूनियर ओलंपिक चैंपियनशिप हुई थी। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस चैंपियनशिप के लिए अमेरिका के सभी 50 स्टेट के विनर और रनरअप यानी गोल्ड और सिल्वर हासिल करने वाले खिलाड़ी आमंत्रित किए जाते हैं। इसी वर्ष फरवरी में कोलरॉडो में स्टेट चैंपियनशिप हुई। इसमें अमेरिकी नागरिकता हासिल स्नेहा ने अंडर- 21 जूनियर स्टेट चैंपियनशिप जीती थी। इसी वजह से उन्हें अमेरिका में नेशनल राइफल एवं पिस्टल जूनियर ओलंपिक चैंपियनशिप 2024 में खेलने का आमंत्रण मिला। स्नेहा ने कोलराडो स्टेट का प्रतिनिधित्व किया और चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। इससे 14 वर्षीय स्नेहा को यूएसए में अंडर 21, जूनियर टीम रैंकिंग में दूसरा स्थान भी मिला।

स्नेहा ने इस उपलब्धि का श्रेय लखनऊ स्थित श्रीराम शूटिंग रेंज एकेडमी के कोच सुजन सिंह और अमेरिकी कोच एलेक्सेस लगान को दिया है।

एलेक्सेस लगान पेरिस जाने वाली अमेरिकन ओलंपिक शूटिंग टीम की सदस्य भी हैं। स्नेहा कहती हैं कि उनका सपना जूनियर विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की ओर से खेलना है। इस उपलब्धि पर चेयरमैन देव मूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने स्नेहा को बधाई दी है।

### इन्वर्टिस में हुआ समन्वयक सम्मान समारोह



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के कुलानुशासक कार्यालय में मंगलवार को समन्वयक सम्मान समारोह हुआ, जिसमें कक्षा प्रतिनिधियों और अनुशासन समन्वयकों को सम्मानित किया गया। कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के निर्देशन में यह आयोजन हुआ। कुलपति डॉ. वाइडीएस आर्या ने अनुशासन का महत्व बताया। प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. मनीष गुप्ता भी विचार रखे। प्रो. पीपी सिंह, कुलसचिव संतोष कुमार, कुलानुशासक प्रो. केके दुबे, डा. अवधेश शर्मा, डा. संदीप कुमार दुबे, डा. पंकज कुमार, तुषारिका, रूचि रस्तोगी, लवी सिंह मौजूद रहे।

### फ्यूचर को मिला इंस्टीट्यूशसनल एक्सीलेंस अवार्ड



**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को 2024 का इंडिया एलीट एजुकेशन एंड इंस्टीट्यूशसनल एक्सीलेंस अवार्ड मिला है। बिगिनऑप रिसर्च इंटेलिजेंस ने उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए यह अवार्ड प्रदान किया है। अत्याधुनिक सुविधा, गुणवत्ता और उत्कृष्ट प्रशासन श्रेणी के लिए संस्थान को यह अवार्ड मिला है। इस बार देश के 450 संस्थाओं ने अपना नामांकन भेजा था। संस्था के प्रबंध निदेशक दीप गुप्ता को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मूल्यांकन समिति के प्रबंधक आनंद गोपाल नायक और चेयरमैन मुकेश कुमार गुप्ता ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। शिक्षक, छात्र और अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।


मनीषा 10 वीं में 98.8% जवाहर नवोदय विद्यालय, बहेड़ी


सुकृति, 12वीं में 95.8 % केपीएस फरीदपुर


सनाबिल अली, 12वीं 86 % रोहिलास इंटरनेशनल स्कूल


शास्वत सिंह, 12 वीं में 93.66 % केंद्रीय विद्यालय, पिता महेंद्र पाल सिंह


मोहम्मद रब्बी, 10 वीं में 94% रोहिलास इंटरनेशनल स्कूल


सोहेल खान, 10 वीं में 88% रोहिलास इंटरनेशनल स्कूल


मिस्बा शकील, 12 वीं में 90% रोहिलास इंटरनेशनल स्कूल


नेहा, 12 वीं में 87% रोहिलास इंटरनेशनल स्कूल


लविश, 10 वीं में 87% रोहिलास इंटरनेशनल स्कूल



बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# सिर्फ तीन सौ मीटर दूर रह गया था घर

## दुनका से बकैनिया जाने के लिए शॉर्टकट था चकमार्ग, राजकुमार को नहीं था वारदात का अंदेशा

संवाददाता, दुनका

**अमृत विचारः** बदमाशों ने दुनका से बकैनिया जाने वाले चक मार्ग पर बदमाशों ने जहां राजकुमार और हेमलता को घेरकर रोका, वहां से उनका घर सिर्फ तीन सौ मीटर दूर रह गया था। राजकुमार के मुताबिक बदमाशों ने जब उसके पास मौजूद कैश और सामान लूटने के बाद जबर्दस्ती हेमलता के शरीर पर पहने जेवर उतारने शुरू किए, तभी वह बिफर गई। उसने बदमाशों से हाथापाई की तो उन्होंने एक-एक कर उसे दो गोली मार दीं। पहली गोली सिर और दूसरी सीने में लगने के बाद हेमलता गिरी तो उठ नहीं सकी।

रात 12 बजे जाम खुलवाने के बाद पुलिस अफसरों ने राजकुमार को बुलाया और पूछताछ की। राजकुमार के मुताबिक बदमाशों ने उसकी भी तमंचे की बट से पिटाई की। हेमलता से 10 महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। मंगलवार को वह ससुराल से हेमलता को लेकर घर लौट रहा था। दुनका से बकैनिया जाने वाला चकमार्ग शॉर्टकट होने के साथ सुरक्षित भी माना जाता है, घर से तीन-चार सौ मीटर पहले बदमाशों ने उन्हें रोककर उन पर तमंचे ताने तो वह हक्काबक्का रह गया। मुश्किल से पांच मिनट के अंदर पूरी वारदात हो गई। गोली लगने के बाद हेमलता के गिरते ही नकाबपोश बदमाश भाग निकले। एसपी देहात मुकेश चंद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पति से पूछताछ पूरी होने के बाद ही साफ हो पाएगा कि घटना कैसे हुई।


हत्या के बाद गुस्साए लोग थाना के बाहर विरोध जताते हुए। ● अमृत विचार


मौके पर पड़ी राजकुमार की बाइक।

### पति पर शक से शुरू हुई पुलिस की छानबीन

लूटपाट और हत्या की घटना में पुलिस की छानबीन राजकुमार पर शक के साथ शुरू हुई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जाम खुलवाने के साथ लोगों से पूछताछ भी की। इस दौरान पुलिस ने यह कहते हुए घटना पर संदेह भी जताया कि घटना शाम सात बजे होना बताई जा रही है लेकिन उसे सूचना करीब साढ़े आठ बजे दी गई। यह भी समझ से परे है कि बदमाशों ने पत्नी की तो दो गोली मारकर हत्या कर दी लेकिन राजकुमार को खरोंच तक नहीं आई।

### मौके पर पड़ा रहा शव, पति से शुरू की पूछताछ

पुलिस ने जाम तो खुलवा दिया लेकिन हेमलता का शव रात 12 बजे तक मौके पर ही पड़ा रहा। इस बीच पुलिस अफसरों ने हेमलता के पति राजकुमार को भी बुला लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी। काफी देर बाद पुलिस ने हेमलता का शव मौके से उठवाया। अफसरों ने बताया कि देर रात करीब चार टीम बनाई गई हैं जिन्होंने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें देनी शुरू कर दी हैं।

## दुबई में काम दिलाने के बहाने दो लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के युवक से दुबई में काम दिलाने के बहाने दो लाख रुपये ठग लिए गए। पैसे लेने के बाद युवक को टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया। जब युवक ने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी। युवक ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के चमन नगरिया गांव के रहने वाले कासिम खान ने बताया कि छोटे भाई राशिद को काम के सिलसिले में दुबई भेजने के लिए पीलीभीत के एक एजेंट से बात हुई थी। आरोप है कि एजेंट ने वीजा बनवाने के लिए 50 हजार रुपये लिए। इसके बाद एक लाख 40 हजार रुपये और लिए। इसके बाद भाई 19 अक्टूबर 2023 को दुबई पहुंच गया। जहां पर पता चला कि एजेंट ने उसे काम का वीजा न लगवा कर टूरिस्ट वीजा पर भेजा है। अब पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले में उसने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने दोनों को बैठकर समझौता कर दिया।

## रिठौरा में खेत में मिले गोवंशीय पशुओं के अवशेष

**बरेली, अमृत विचारः** हाफिजगंज थाना क्षेत्र की रिठौरा चौकी के अंतर्गत एक खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले। गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया। इस मामले में हिंमाशु पटेल ने एक्स पर पुलिस अधिकारियों को पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने हाफिजगंज थाना प्रभारी को मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। फिलहाल अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

सोमवार की देर रात गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि इलाके के गांव सिथरा में पेट्रोल पंप के पास मदन लाल के खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े हैं। कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रात में ही अवशेषों को मिट्टी में दबा दिया। भोजीपुरा और हाफिजगंज क्षेत्र में कई बार गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिल चुके हैं। एक मामले में करणी सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बावजूद भी गोतस्करी नहीं रुक रही है।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


## छेड़खानी में दोषी को तीन वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, बरेली : किशोरी से छेड़खानी के मामले में आरोपी फतेहगंज पश्चिमी के गांव मढ़ौली निवासी पवन कुमार को दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कुमार मंयक ने तीन वर्ष कैद और 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा के अनुसार पीड़िता के पिता ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया कि 26 जून 2017 को पुत्री घर से परचून की दुकान पर जा रही थी। तभी पवन बेटी के साथ छेड़खानी और गाली गलौज करने लगा। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंचा तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

## युवक के हत्यारोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**विधि संवाददाता बरेली, अमृत विचार :** सिर में ईंट मारकर युवक की हत्या करने के आरोपी बिथरी चैनपुर ग्राम नवदिया देहाजब्ती निवासी रिंकू यादव की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र बहादुर सिंह ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील रीतराम राजपूत ने अर्जी का विरोध करते हुए तर्क दिया कि आरोपी ने मां को महिपाल के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इस कारण आरोपी ने महिपाल के सिर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी थी। राम सिंह ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया कि महीपाल उनका साला था। वह गांव में 15 साल से रह रहा था। गांव के प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाने और चौकीदारी का काम करता था। 27 जनवरी 2024 की रात अज्ञात व्यक्ति ने महिपाल हत्या कर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना में रिंकू का नाम प्रकाश में आया था।

## पत्नी और पुत्री को प्रतिमाह 6 हजार रुपये अदा करेगा व्यापारी

**विधि संवाददाता, बरेली :** पारिवारिक न्यायाधीश शिवानी सिंह की अदालत ने उधम सिंह नगर निवासी व्यापारी अंकुर त्रिपाठी को पत्नी अंजू त्रिपाठी को चार और पुत्री को दो हजार रुपये प्रतिमाह भरण पोषण की रकम देने का आदेश दिया है। पीड़िता के वकील एम आर मलिक ने बताया कि 6 जुलाई 2014 को अंजू की अंकुर के साथ शादी हुई थी। कम दहेज के ताने देकर ससुराल वाले अंजू को प्रताड़ित करने लगे। अगस्त 2022 में मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने वर्ष 2023 में कोर्ट में अर्जी देकर भरण पोषण की रकम दिलाए जाने की गुहार लगाई थी।

## फराना बनीं पल्लवी, प्रेमी धर्मवीर से की शादी



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर जिले की रहने वाली 19 साल की फराना ने धर्म बदलकर मंगलवार को बरेली में प्रेमी धर्मवीर के साथ शादी कर ली। दोनों की छह महीने पहले चंडीगढ़ में फैक्ट्री में काम करते हुए दोस्ती हुई थी। अगस्त्य मुनि आश्रम में पंडित केके शंखधार ने दोनों का विवाह कराया। रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव करपड़िया पांडे निवासी फराना उर्फ पल्लवी ने बताया कि वह बालिग है। उन्होंने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर शादी की है। पांचवीं पास फराना उर्फ पल्लवी ने बताया कि वह चंडीगढ़ में एक फैक्ट्री में काम करती थी। शाही क्षेत्र के विक्रमपुर कुल्छा गांव निवासी धर्मवीर भी युवती के साथ काम करता था। शादी के बाद फराना से बनी पल्लवी ने अपने परिवार से जान का खतरा जताया है।

## हर चौराहे पर बढ़ाएं पुलिस गश्त : एडीजी



**बरेली, अमृत विचार :** अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था के लिए एडीजी पीसी मीना ने मंगलवार को जोन के जिले के सभी अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर समीक्षा की। बैठक में सभी को चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस ड्यूटी लगाने के साथ गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित बैंक चेकिंग करने, बैंक के बाहर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के भी निर्देश दिए। बैठक में आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत जिले के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## ईशान हॉस्पिटल में बर्न शिविर आज

**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन रोड स्थित ईशान हास्पिटल में बुधवार सुबह 10 बजे बर्न शिविर का आयोजन होगा। इस संबंध में डॉ. मुक्ता और डा. कौशल ने बताया कि अस्पताल की ओर से 18 वर्षों से मई में खास तौर यह शिविर आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य उन गरीब जले हुए मरीजों की मदद करने करना है, जो इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं।

## रामगंगा स्टेशन के पास ऑटो ने क्रॉसिंग का बूम तोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** रामगंगा स्टेशन के पास मंगलवार को ऑटो ने रेलवे क्रॉसिंग के बूम में टक्कर मार दी। बूम क्षतिग्रस्त होने से स्लाइडिंग बूम लगाकर ट्रेनों को गुजारा गया। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे रामगंगा स्टेशन के पास फाटक संख्या 2ए को ट्रेन गुजारने के लिए बंद किया जा रहा था, तभी सामने से आता तेज रफ्तार ऑटो रेलवे क्रासिंग के बूम में टकरा गया। टक्कर लगने के बाद चालक ऑटो लेकर मौके से फरार हो गया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक बरेली जंक्शन विनीता कुमारी ने बताया कि रामगंगा के पास ऑटो की टक्कर से बूम क्षतिग्रस्त हुआ था। ऑटो के नंबर के आधार पर रेलवे एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## किशोरी को बहलाकर ले गए, फिर फोन कर धमकाया

**सीबीगंज, अमृत विचार :** एक किशोरी को दो युवक बहलाकर ले गए। फिर फोन कर पीड़िता की मां को धमकाया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया है कि 10 मई को वह परिवार के साथ घर में सो रही थी। सुबह उठी तो घर से नाबालिग बेटी गायब थी। उन्होंने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। आरोप है कि 12 मई को रामपुर के बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव ढकी निवासी कमल ने उन्हें फोन किया। बताया कि उनकी बेटी उसके भाई राज के पास है। बेटी को लौटने कहा तो आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


B.I.U. BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
प्रवेश प्रारम्भ
BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM BIUCHJ BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- एम.कॉम.
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- एम.बी.ए.
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)


## मिक्सर के नीचे दबकर मजदूर की मौत

**मिलक (रामपुर), अमृत विचार :** बरेली में मिक्सर के पहिए के नीचे दबकर मिलक के मजदूर की सोमवार की शाम करीब सात बजे मौत हो गई। मंगलवार की सुबह पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। मंगलवार की शाम सात बजे तक शव गांव में नहीं पहुंचा। इससे शव का इंतजार कर रहे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। पुलिस की लेट लतीफी पर ग्रामीणों ने भट्ठे पर हंगामा भी किया। मिलक थाना क्षेत्र के गांव कल्यानपुर निवासी 55 वर्षीय हरद्वारी लाल अपने परिवार के साथ बरेली जिले के थाना शाही क्षेत्र के म्युडी बुजुर्ग गांव स्थित न्यू साबरी ब्रिक स्टोर ईंट भट्ठे पर चार माह से ईंट पाथने का काम करता था। हरद्वारी की पत्नी कमला ने बताया कि सोमवार की शाम करीब सात बजे मिट्टी के मिक्सर से मिट्टी के ढेर डाले जा रहे थे। नशे में धुत्त ट्रैक्टर चालक सुरेन्द्र मिट्टी के मिक्सर को ट्रैक्टर से लाया। उसने हरद्वारी से मिट्टी उतारने की जगह पूछी। हरद्वारी ने मिट्टी उतारने के लिए इशारा किया। तभी सुरेंद्र ने मिक्सर को तेजी से पीछे की ओर दौड़ा दिया। इस दौरान हरद्वारी मिक्सर मशीन के पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो हया। इस बीच ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। परिजन घायल हरद्वारी को लेकर बरेली के निजी अस्पताल पहुंचे। मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हरद्वारी के परिवार में पत्नी के अलावा चार पुत्री व तीन पुत्र हैं। मंगलवार की सुबह पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा शव को थाने ले गई। इसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा।

## ऑटो गैराज की आड़ में काटे जा रहे थे चोरी के वाहन

**बरेली, अमृत विचार :** किला पुलिस ने वाहन चोरों से पूछताछ की तो पला चला कि यह गिरोह ऑटो गैराज की आड़ में चोरी किए गए वाहनों का काटता था। गिरोह के सदस्य एक घंटे में ही गाड़ी काट कर पार्ट अलग कर देते हैं। फिलहाल, पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। किला पुलिस ने मंगलवार को जखीरा निवासी यूसुफ और जौहरपुर निवासी सहजिल को गिरफ्तार कर दो कारें, पिकअप और कटी हुई बाइक बरामद की थी। सहजिल का मिनी बाईपास स्थित जीएस मोटर्स नाम से गैराज है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह सलमान, कामरान और अतीक के साथ मिलकर दूसरे जिलों से चोरी किए गए वाहनों को गैराज में लाकर काटते थे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com


## बैल कोल्हू की इकाइयों के निरीक्षण कराने को रिवीजन दायर

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** बैल कोल्हू (बीएलएग्रो) के विरुद्ध विचाराधीन मुकदमे में औद्योगिक इकाइयों का स्थल निरीक्षण, वीडियोग्राफी करवाने और वाणिज्य कर विभाग से इकाइयों के 2016 से 2021 तक के सभी खरीद फरोख्त के दस्तावेजों को ज्वाइंट कमिश्नर से मंगवाए जाने की अर्जी के निचली अदालत से खारिज होने पर मानव अधिकार संरक्षण मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल गुप्ता ने जिला जज की अदालत में क्रिमिनल रिवीजन दायर किया। कोर्ट ने इस संबंध में सुनवाई के लिए 12 जून की तिथि नियत की है।

## किशोरी के साथ अपहरण के बाद दुष्कर्म का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव में देवी जागरण में आई किशोरी लापता हो गई। किशोरी के पिता ने बेटी के अपहरण और बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने युवक, महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फरीदपुर निवासी एक व्यक्ति की बेटी की शादी कैंट क्षेत्र के एक गांव में हुई है। बेटी के यहां 26 अप्रैल को देवी जागरण हुआ था। इसमें शामिल होने के लिए व्यक्ति परिवार के साथ आया था। व्यक्ति का आरोप है कि उनके गांव की तुलसी और एक अन्य किशोरी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से किसी अज्ञात लड़कों से उनकी बेटी की बात कराते थे। आरोप है कि 26 अप्रैल को तुलसी और किशोरी ने किसी युवक के साथ मिलकर उनकी बेटी का अपहरण कर लिया। उन्हें बेटी और युवक की फोन पर बातचीत की रिकार्डिंग मिली है। उनका आरोप है कि गांव के महिपाल यादव के बेटे का साला मोहित ने उनकी पुत्री को अपने कब्जे में रखा हुआ है और उसके साथ दुष्कर्म भी किया है। आरोप है कि थाने में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। इसके बाद कैंट पुलिस ने मोहित, तुलसी और किशोरी के खिलाफ नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की।

## एक नजर

### नकब लगाकर घुसे चोरों ने नकदी और जेवर चुराए

**शीशगढ़, अमृत विचार :** नकब लगाकर घुसे चोर नकदी-जेवर सहित लाखों का सामान चुरा ले गए। शीशगढ़ के सहोड़ा निवासी अयोध्या प्रसाद ने बताया कि वह परिवार के साथ बरामदे में सोया था। सोमवार रात चोर उसके कमरे की पीछे की दीवार में नकब लगाकर घुस गए। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर आभूषण समेत पांच हजार की नकदी समेत अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। सुबह नींद खुलने पर चोरी का पता चला। पीड़ित ने चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**आंवला, अमृत विचार :** एक ट्रक ने बाइक को साइड मार दी, जिससे बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। सिरौली के गांव जगन्नाथपुर निवासी नीरज मौर्य ने बताया कि वह बाइक से सिरौली की ओर जा रहा था। इसी दौरान अंजनी गांव के समीप एक ट्रक ने उसकी बाइक को साइड मार दी, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

# गांव में पीएचसी, फिर भी 12 किमी की दौड़

## कुंवरपुर बंजरिया के सरकारी अस्पताल में न डॉक्टर हैं न ही जरूरत का स्टाफ

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे दम तोड़ रहे हैं। बिथरी चैनपुर विकास खंड के कुंवरपुर बंजरिया में बना नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) इसकी हकीकत बयां कर रहा है।

अस्पताल तो खुलता है मगर डॉक्टर मिलते न कर्मचारी, मिलता है तो बस एक चौकीदार कागजों में तो यहां डॉक्टर समेत चार का स्टाफ तैनात है। गांव में स्वास्थ्य केंद्र होने के बाद भी ग्रामीण 12 किमी दूर बिथरी चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र जाने और बाहर से दवाएं लेने को मजबूर हैं।

मंगलवार को यहां एक एलटी (लैब टेक्नीशियन) के अलावा कोई नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया यहां कई महीनों से कोई डॉक्टर और कर्मचारी नहीं आ रहे हैं। अगर आते भी हैं तो औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं। मरीज इलाज के लिए भटकते रहते हैं, ज्यादातर एक वार्ड बॉय ही आता हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक एलटी (लैब टेक्नीशियन) और एक वार्ड बॉय की तैनाती है।

### निराश होकर लौट जाते हैं ग्रामीण



यहां तैनात चौकीदार तिनकु ने बताया यहां कोई नहीं आता है, बस एक वार्ड बॉय आ जाते हैं, वह अकेले ही रहते हैं। रोजाना बीस- पच्चीस मरीज अस्पताल में आते हैं। लेकिन किसी के न मिलने की वजह से लौट जाते हैं। कुंवरपुर बंजरिया, सावरखेड़ा, तिगरा, अधकता बुनियादी बेगम समेत अन्य गांव के हजारों लोगों का इस स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ाव है। लेकिन यहां स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलने की वजह से करीब 12 किमी दूर बिथरी चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। कलापुर साधन सहकारी समिति के सभापति देवेंद्र पटेल ने बताया अस्पताल में डॉक्टर न आने की शिकायत वह कई बार बिथरी चैनपुर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से कर चुके हैं, फिर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

"ऐसा नहीं है, अस्पताल तो खुलता होगा हो सकता है। आज यह लोग नहीं गए हों। स्टाफ की कमी है, डॉक्टर्स की भी उपलब्धता कम है। वैसे, ब्लॉक पर डिप्टी सीएमओ एक मीटिंग ले रहे थे, हो सकता है मीटिंग में गए हों, मैं दिखवाता हूं।
– डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

### दवा तक नहीं



पेट में दर्द हो रहा था दवाई लेने आई थी। अब यहां कोई है नहीं तो किसी प्राइवेट क्लीनिक से दवाई लूंगी। – **द्रोपदी**



अस्पताल आकर क्या करें, जब यहां डॉक्टर मिलते है न दवाएं। सिर्फ एक चौकीदार मिलते है। –**गफ्फार अहमद**, ग्रामीण।



अस्पताल में डॉक्टर कभी –कभी आते हैं, कुछ देर रुकते हैं और चले जाते हैं। गांव में ऐसे अस्पताल होने का भी क्या फायदा। –**रईस अहमद**, ग्रामीण



छह माह पहले कुछ लड़के ट्रेनिंग पर आए थे तो दवाएं मिलीं थी। डॉक्टर उस समय भी नहीं आते थे और न अब आ रहे हैं। – **कुंवरपाल**, ग्रामीण

## लक्ष्य का सिर्फ बीस फीसदी हुई गेहूं की खरीद

**नवाबगंज, अमृत विचार:** बाजार में भले ही गेहूं के रेट सरकारी दरों से कुछ कम हों, किसान सरकारी केंद्रों की परेशानी की वजह से इन पर गेहूं नहीं पहुंचा रहा है। यहीं वजह है कि अभी तक सरकारी खरीद का 20 फीसदी लक्ष्य भी पूरा नहीं हुआ है। गेहूं खरीद के लिए वैसे तो क्षेत्र में 20 गेहूं खरीद केंद्र खोले गए हैं जिनमें से 14 मंडी परिसर में तो छह केंद्र ग्राम बीजामऊ, सुनौर, परसरामपुर, नकटी नरायनपुर, क्योलड़िया और कल्यानपुर में खोले गए हैं। इन केंद्रों पर अभी तक 3 लाख 48 हजार क्विंटल लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 68 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद ही हो सकी है। जिसे लेकर विभागीय अधिकारी खासे परेशान हैं। एएमओ राठी ने बताया कि यदि किसान दो सौ क्विंटल तक गेहूं तुलवाते हैं तो हम गांव में पहुंचकर भी बिना किसी खर्च के किसानों का गेहूं ले रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### बाइक चोरी करके भाग रहे बदमाश को लोगों ने पकड़ा

**शीशगढ़, अमृत विचार :** बाइक चोरी करके भागते चोर को बाइक मालिक ने ग्रामीणों की मदद से पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी की कुंडली खंगाली तो वह पेशेवर अपराधी निकला। जिसके खिलाफ कोतवाली बरेली और सिरौली थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। मोहल्ला बिलासपुर बस अड्डा निवासी हसनैन रजा ने बताया कि सोमवार शाम उसकी बाइक घर के सामने खड़ी थी, जिसे कुलदीप निवासी ग्राम गहवरा थाना मीरगंज चोरी कर भाग रहा था। बाइक चोरी कर ले जाते देखकर उसने शोर मचाकर लोगों की मदद से पकड़ लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री के निधन पर जताया शोक

**बहेड़ी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री और बिहार के उप मुख्यमंत्री रहे सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अभाविप की स्थानीय इकाई की ओर से एक शोकसभा का आयोजन किया गया, उनके चित्र पर पुष्पांजलि देकर दो मिनट का मौन धारण किया गया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने सुशील मोदी के निधन को बिहार की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। अभाविप के जिला संयोजक प्रद्युम्न गंगवार, भाजपा के राहुल गुप्ता, गजेंद्र कुर्मी, संजीव कुमार, प्रीतम, विश्वास, सौरव, विकास व रोहिल समेत अन्य रहे।

### नर्स दिवस पर छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**बरेली, अमृत विचार :** ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रबंध निदेशक डीडी शर्मा और उप निदेशक अखिलेंद्र सिंह ने की। अनविता स्टेनली ने अतिथियों का स्वागत किया। नर्सिंग विभाग की प्राचार्या प्रो. लता पी और प्रबंध निदेशक ने नर्सिंग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शिक्षक अफजल खान ने आभार जताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनीता चौहान, कार्यकारी अधिकारी आरएस पाल आदि मौजूद रहे। संचालन छात्रा वर्तिका प्रजापति ने किया।

### ईंट भट्टे पर मजदूर की ट्रैक्टर से दबकर मौत

**मीरगंज/ दुनका, अमृत विचार :** ईंट भट्टे पर काम कर रहे एक मजदूर की सोमवार देर शाम ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई। कमला निवासी ग्राम कल्याणपुर ने तहरीर में बताया उसका पूरा परिवार ग्राम म्यूड़ी बुजुर्ग थाना शाही में एक ईंट भट्टे पर चार माह से मजदूरी कर रहा है। सोमवार शाम लगभग 7:30 बजे भट्टे पर उसके पति हरिद्वारी लाल (55) भट्टे पर कच्ची ईंट बनाने का काम कर रहे थे, ट्रैक्टर चालक सुरेंद्र निवासी ग्राम पदमी थाना शीशगढ़ में उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक थाना शाही सतीश कुमार ने बताया कि कमला की तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस ने तीन बदमाश दबोचे डकैती का सामान बरामद

**फतेहगंज पश्चिमी अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले लोहारनगला गांव में हुई डकैती के मामले में पुलिस ने रविवार रात चार डकैतों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से डकैती में लूटा हुआ सामान बरामद हुआ है। एक डकैत चकमा देकर फरार हो गया। लिस को सूचना मिली कि सोरहा से लौहारनगला को जाने वाली पक्की रोड पर निसार के खेत में बने पक्के मकान में कुछ लोग बाइकों से इकट्ठे हुए हैं। इन्ही बदमाशों ने कुछ दिन पहले लौहारनगला गांव में डकैती डाली थी। एसएसआई पुष्पेंद्र सिंह टीम के साथ पहुंचे और पांचों आरोपियों को दबोच लिया, लेकिन एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पकड़े गए डकैतों ने अपना नाम जुबैर अहमद निवासी ग्राम टिटौली, सोमपाल निवासी लौहारनगला, सलीम निवासी ग्राम सफरी, मुन्ना उर्फ प्रकाश निवासी ग्राम लौहारनगला बताया। फरार अभियुक्त का नाम परमीलाल निवासी ग्राम लौहार नगला है।

प्रवेश प्रारम्भ
BIUCOP BAREILLY
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## मजार की जमीन को लेकर बढ़ा विवाद

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव टांडा सादात में चुन्ना शाह मियां के नाम से दर्ज मुस्लिम धार्मिक पंथ की कीमती भूमि पर कब्जे को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा है। इस भूमि का स्वामित्व फूल शाह चेला चुन्ना शाह के नाम दर्ज होने के बाद से स्वामित्व का विवाद बढ़ता जा रहा है। मामला उच्च न्यायालय में पहुंचने के बाद न्यायालय ने इस पर यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश किए हैं। टांडा सादात स्थित ये भूमि किसी समय फकीर चुन्ना शाह के नाम अंकित थी, जिस पर चुन्ना शाह की मृत्यु के बाद चेला फूलशाह का नाम तो दर्ज हो गया लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण उनका कब्जा नहीं हो सका था। उपसंचालक चकबन्दी के एक निर्णय के आधार पर दूसरे पक्ष ने इस पर प्लाटिंग आरंभ कर दी, जिसके विरोध में उच्च न्यायालय पहुंचे फूल शाह पक्ष की याचिका पर उच्च न्यायालय ने यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश किए हैं।

# प्रसूता की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** आंवला में एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव से पहले प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल स्टॉफ भाग गया, मृतका के परिजनों ने अस्पताल स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा- बुझाकर परिजनों को शांत कराया। वहीं देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

मुगलपुर गांव निवासी नेत्रपाल ने बताया कि उसकी पत्नी नीलम (26) को प्रसव पीड़ा होने पर वह आंवला पुरैना तिराहे के समीप एक अस्पताल में लेकर आया था। उसे भर्ती करने के बाद इंजेक्शन लगाया गया, जिसके बाद उसे पसीना आने के साथ घबराहट होने लगी। आशा ने नीलम का बीपी चेक करने को कहा परंतु स्टाफ ने उसकी पत्नी के ऊपर सफेद चादर डाल दी, उसे एंबुलेंस में डाल दिया और बरेली ले जाने की कहकर अस्पताल का स्टाफ फरार हो गया। वह लोग उसे बरेली ले जाने लगे परंतु आंवला से निकलने पर देखा तो उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की मौत अस्पताल में ही हो गई थी। स्टॉफ ने गुमराह करके शव को एंबुलेंस में डाल दिया और फरार हो गए। परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस के साथ नायब तहसीलदार आंवला शोभित चौधरी पहुंच गए। उन्होंने परिजनों को समझाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मृतका के पति ने अस्पताल के स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है।



आंवला पुलिस चौकी में शिकायत करते मृतका के परिजन। • अमृत विचार

"प्रसूता ओटी में ले जाते समय घबरा गई थी, उसकी हालत बिगड़ने पर बरेली रेफर कर दिया था। परिजन उसे वापस ले आए और हंगामा करने लगे।
– **डॉ. मनीष**, कृष्णा हास्पिटल आंवला

अस्पताल में प्रसूता की मौत के बारे में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। उनके यहां कृष्णा हास्पिटल के नाम से वर्तमान में कोई अस्पताल पंजीकृत नहीं है। शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।
– **डॉ. लईक अंसारी**, नोडल अधिकारी

हंगामे की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी, पीड़ित पक्ष और अस्पताल संचालक ने समझौता कर लिया है।
–**मोहित चौधरी**, कस्बा इंचार्ज आंवला

प्रवेश प्रारम्भ
FOPS BAREILLY
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## बीएसए को दमखोदा के स्कूलों के निरीक्षण में मिलीं कमियां

संवाददाता, देवरनियां

• मध्यान्ह भोजन में फर्जी छात्र संख्या चढ़ाने पर पूरे स्टाफ का वेतन रोकने के निर्देश

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी (बीएसए) ने मंगलवार को दमखोदा ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्कूल में मिड डे मिल में छात्र संख्या फर्जी चढ़ाने का मामला सामने आने पर पूरे स्कूल स्टाफ का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

बीएसए संजय सिंह को प्राथमिक विद्यालय मकसूदनपुर में पंजीकृत 23 बच्चों में से 20 उपस्थित मिले, मगर नवीन नामांकन में वृद्धि के लिए प्रधानाध्यापिका रजनी को निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय सिंधौरा में पंजीकृत 41 बच्चों में से केवह 18 ही उपस्थित मिले। छात्र उपस्थिति कम होने पर प्रधानाध्यापक शिव सिंह समेत सभी स्टाफ की लापरवाही मानते हुए नामांकन और छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। यहां तैनात एक शिक्षा मित्र निशा यादव 19 अगस्त 2019 से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित चल रही हैं। जिस पर संविदा समाप्ति के लिए बीईओ और जिला समन्वयक प्रशिक्षण को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। प्राथमिक विद्यालय पिपरा के निरीक्षण में 135 बच्चों में से केवल 73 उपस्थित मिले। बी एसए ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद कमर को मिड डे मिल में फर्जी छात्र संख्या दर्शाने पर धनराशि का दुरुपयोग माना। इसके बाद उन्होंने ब्लाक के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मुंडिया नबी बख्श का हाल भी जाना, इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से संवाद करा।



छात्रों से जानकारी लेते बीएसए।

## ट्रक की टक्कर से पोल टूटा, सप्लाई बाधित

**देवरनियां, अमृत विचार :** देवरनियां-मुड़िया जागीर रोड किनारे लगे एक पोल को एक ट्रक ने तोड़ दिया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। अवर अभियंता रामदेव वर्मा ने बताया कि देवरनियां में गफूर बस्ती के पास बिजली का पीसीसी पोल स्थित है, जिसे सोमवार को एक ट्रक ने टक्कर मारकर तोड़ दिया। ट्रक को मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया।

अवर अभियंता ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए देवरनियां कोतवाली में तहरीर दी, मगर पुलिस ने यह कहते हुए लौटा दिया कि शासनादेश के मुताबिक अब बिजली से संबंधित मामले जिला मुख्यालय पर स्थित बिजली महकमे के थाने में ही दर्ज होंगे। प्रभारी कोतवाली इंचार्ज एसएसआई नवदीप सिंह ने बताता कि बिजली चोरी या टुट फुट के मामले यूपीपीसीएल के कोतवाली में ही दर्ज होंगे, इसलिए तहरीर को लौटा दिया गया। पोल टूटने से क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई हैं। अवर अभियन्ता देवरनियां रामदेव वर्मा ने बताया कि शासनादेश के तहत अब रिपोर्ट दर्ज होगी।

### नाली निर्माण का विरोध करने वालों की शिकायत



**आंवला, अमृत विचार :** विधायक निधि से निर्माणाधीन नाली और सीसी रोड का विरोध करने पर ग्रामीण भड़क गए और एकत्रित होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को शिकायत देकर निर्माण पूरा कराने की मांग की। उरला गांव निवासी ग्रामीणों ने बताया कि उनके घरों के आगे नाली नहीं हैं। अक्सर पानी भरा रहने के कारण वह लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं, और वाहन फंस जाते हैं। गांव में विधायक निधि से सीसी निर्माण शुरू हुआ है। परंतु कुछ लोग निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत देकर सीसी रोड डलवाने की गुहार लगाई है। इस दौरान धर्मेन्द्र सिंह, आर्येन्द्र सिंह, अजयवीर सिंह, अनूप सिंह, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, धीरेंद्र पाल सिंह, रुस्तम सिंह, महिपाल सिंह, रामपाल सिंह, अंश चौहान, ऋषभ सिंह आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हाईवे पर किसी वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस से इलाज के लिए बरेली भेजा। माधोपुर पुल के पास में किसी वाहन से एक बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घायल का नाम मोहम्मद युसुफ निवासी बदायूं हैं। किसी अस्पताल में काम करता है।

### दबंगों ने रंजिशन घर में घुसकर दंपती को पीटा

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** दबंगों ने रंजिशन घर में घुसकर दंपती की पिटाई कर दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। गांव रूपपुर निवासी इकबाल हुसैन 10 मई की शाम सात बजे गांव में आयोजित एक शादी समारोह में दावत खाने गए थे। गांव के मारुब अली, शाहरुख अली, रऊफ अली, व रहीम घर में घुस गए। इकबाल हुसैन नहीं मिला तो उसकी पत्नी को गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग आ गए हमलावरों को ललकारा तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित भोजीपुरा थाने पहुंचे और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट L9477984 में मेरा नाम MOHAMMAD BACCHAN अंकित है जो गलत है। जबकि मेरे आधार में मेरा नाम MOHD BACHCHAN S/O NISAR AHMAD अंकित है जो कि सही है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मो. बच्चन पुत्र निसार अहमद, नि. मो. महमन्द जलाल नगर, निकट कुम्हारों वाला मंदिर, तह. सदर, जिला शाहजहाँपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रिया देवल के यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल सन 2015 रोल नं. 0853162 एंव इन्टरमीडिएट सन 2017 रोल नं. 0628617 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **अवध बिहारी, पुत्र दिवारी लाल, नि. 551, नीरू यादव वाली गली, मढ़ीनाथ बरेली**

**सूचना**
मैंने अपना नाम रामदुलार से संशोधित कर अब रामदुलार सिंह यादव कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **रामदुलार सिंह यादव पुत्र श्री श्याम बिहारी, मकान संख्या-07 सेक्टर-1, ग्रीनपार्क एक्सटेंशन बरेली (उ.प्र.) 243006**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
**बरेली संस्करण**
**स्मृतियाँ शेष**
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
**साइज व रेट**
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### सुरक्षा गार्ड पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पांच पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट स्थित एक चर्च में गार्ड पर कार चढ़ाने की कोशिश और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 5 नामजद समेत एक अज्ञात पर कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। कैंट थाना क्षेत्र के एक चर्च निवासी मनीषा लैंबर्ड पत्नी विजय हैरोल्ड लैंबर्ड ने बताया कि 2 जून 2023 को रात करीब 11:30 बजे चर्च स्थित अपने आवास में थीं। इसी बीच मैल्विन चार्ल्स निवासी 37 फ्री बिल बैप्टिस्ट चर्च अपने साथी सुनील सी लाल के साथ कार से आया और हार्न बजाने लगा। गार्ड शिव करन ने विरोध जताया, तो उसे गाली देने लगे, उसके ऊपर कार चढ़ाने की कोशिश की, उसने किसी तरह जान बचाई। आरोपी जबरन कैंपस में घुस आए। इसके बाद दूसरे वाहन में मनोज मैसी, सुनील मैसी, ट्रक चालक समेत अन्य आए सभी चर्च परिसर में गाली गलौज करने लगे, लोगों के विरोध पर तोड़फोड़ करने लगे। किसी ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुला लिया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। 7 जुलाई 2023 को दोपहर करीब 3:30 बजे चर्च में प्रार्थना करने आए लोगों के साथ आरोपियों ने पुन: अभद्रता करने के साथ मारपीट की। महिला ने कैंट थाने में तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मामले की शिकायत की। कार्रवाई न होने पर कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने सोमवार को उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अकीदत से मना तीसरा उर्स



**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज कस्बे में तीसरा सालाना उर्स ख्वाजा गरीब नवाज मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। उर्स में पहुंचे दरगाह हजरत मकसूदुल औलिया धुंधली शरीफ के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी शाकिर मियां हुजूर के दीदार के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार शाम को मिलाद-ए- पाक के साथ उर्स पाक का आगाज हुआ। मिलाद ए पाक के बाद रात को बाद नमाजे इंशा महफिल का आयोजन हुआ, जिसमें धुंधरी शरीफ के कव्वाल शमशुल हसन एंड पार्टी और नवाबगंज के स्थानीय कव्वाल रहीस एंड पार्टी ने ख्वाजा गरीब नवाज की शान में सूफियाना व आशिकाना कलाम पेश किए। मंगलवार को दरगाह हजरत मकसूदुल औलिया के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी शाकिर मियां हुजूर की सरपरस्ती में सुबह 10 बजे से कुल शरीफ की फातेहा हुई। उर्स के दौरान बरखेड़ा के पूर्व चेयरमैन हाजी जमील अहमद अंसारी, मोहम्मद जाहिद पीलीभीत, सूफी मोहम्मद मुस्ताक बरेलवी, मैनेजर अंसार, रिछोला के पूर्व प्रधान हाजी मोहम्मद अबरार, सूफी मोहम्मद तारुक जमाल समेत अन्य मौजूद रहे।

## शराब के लिए रुपये न देने पर युवक को पीटा

**आंवला, अमृत विचार :** शराब पीने के बाद गाली गलौज करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मनौना गांव निवासी गोरे उर्फ गौरव ने बताया कि रविवार को उसकी ताई का दसवां संस्कार था। वह अपने तहेरे भाई पप्पू की दुकान पर बैठा था। रात करीब 10 बजे गांव के कुशल, विष्णु आ गए। वह लोग उसे और प्रमोद को बाग में बुलाकर ले गए। वहां उन्होंने उसे शराब पिलाई और बाद में गालियां देने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की। जिससे वह चोटिल हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कुशल और विष्णु निवासी मनौना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**बाबा पं. रामचन्द्र शर्मा महाविद्यालय**
वजीरगंज मार्ग, अम्बियापुर, बिल्सी (बदायूँ)
(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)
E-mail : mjp331@mjpru.ac.in
**आवश्यकता है**
1. प्राचार्य-एक पद
2. प्रवक्ता कला संकाय-एक पद
हिन्दी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, संगीत, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र
3. प्रवक्ता विज्ञान संकाय-एक पद
जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान
योग्यता-MJPRU/UGC के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन, सत्यापित प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं फोटो के साथ कॉलेज प्रबन्धक के नाम विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन के अन्दर भेजें-
मो. 9412445246, 9412535987
प्रबन्धक-प्रशान्त शर्मा

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# प्रधानमंत्री मोदी की कुल संपत्ति तीन करोड़ रुपये

वाराणसी (उप्र), एजेंसी


नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम योगी आदित्यनाथ।

- चुनावी शपथपत्र में दी जानकारी ज्यादातर निवेश एफडी में
- प्रधानमंत्री के पास 45 ग्राम की चार सोने की अंगूठियां
- 52 हजार 920 नकद व नौ लाख 12 हजार के बचत प्रमाणपत्र

प्रधानमंत्री मोदी के पास तीन करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है, जिसका ज्यादातर हिस्सा बैंक सावधि जमा (एफडी) के रूप में जमा किया गया है। मोदी ने वाराणसी सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर मंगलवार को नामांकन दाखिल करते समय दिए गए अपने चुनावी शपथपत्र में यह जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री ने वाराणसी संसदीय सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में उतरे हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित शपथपत्र के अनुसार मोदी की चल संपत्ति तीन करोड़ दो लाख छह हजार 889 रुपये की है। इसमें से ज्यादातर रकम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में सावधि जमा (एफडी) के रूप में है, जिसकी कुल कीमत दो करोड़ 85 लाख रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री की अन्य संपत्तियों में 45 ग्राम वजन वाली चार सोने की अंगूठियां शामिल हैं, जिनकी कीमत दो लाख 67 हजार रुपये है। उनके पास कुल 52 हजार 920 रुपये नकद और नौ लाख 12 हजार रुपये के राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में उन्होंने तीन लाख 33 हजार रुपये आयकर चुकाया है। चुनावी शपथपत्र में अचल संपत्ति के खाने में 'शून्य' लिखा है। आम तौर पर, जमीन और घर इस तरह की संपत्ति की श्रेणी में आते हैं। शपथ पत्र में मोदी की पत्नी के रूप में जशोदाबेन के नाम का उल्लेख किया गया है। जशोदाबेन के पास मौजूद संपत्तियों के बारे में उन्होंने "ज्ञात नहीं" लिखा है। दोनों अलग-अलग रहते हैं। शपथपत्र के अनुसार, मोदी के खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है, न ही उन्हें किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। सरकार के प्रति उनकी कोई देनदारी भी नहीं है। शपथ पत्र के मुताबिक प्रधानमंत्री अहमदाबाद के निवासी हैं और राजनीति उनका पेशा है। चुनावी हलफनामे में दिए गए शैक्षणिक विवरण के मुताबिक मोदी ने साल 1967 में एसएससी किया, 1978 में दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए की डिग्री प्राप्त की और 1983 में गुजरात विश्वविद्यालय से एमए किया।

## मोदी को चुनाव लड़ने से अयोग्य करार देने की अर्जी पर सुनवाई नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर नफरत भरे भाषण देने और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को छह साल तक चुनाव लड़ने से अयोग्य करार देने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता से शिकायत के निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। पीठ ने कहा कि क्या आपने अधिकारियों से संपर्क किया है? आदेश के लिए आपको पहले अधिकारियों से संपर्क करना होगा। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली और मामला वापस लिया गया मानते हुए इसे खारिज कर दिया गया।

# रामलला को फिर से तंबू में भेजने की साजिश रच रही कांग्रेस : मोदी

गिरिडीह (झारखंड), एजेंसी

- कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर भ्रष्टाचार तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति का सबसे बड़ा मॉडल बनने का लगाया आरोप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर शर्मनाक राजनीति करने और रामलला को फिर से तंबू में भेजने की साजिश रचने का आरोप लगाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति का सबसे बड़ा मॉडल बनने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने भारत को इन बुराइयों से मुक्त करने का संकल्प लिया है।

प्रधानमंत्री ने झारखंड के गिरिडीह में एक जनसभा में कहा कि राम मंदिर को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा शर्मनाक बयान जारी किए जा रहे हैं। उनके नेता रामलला को एक बार फिर टेंट में भेजने और उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ बात करने की साजिश रच रहे हैं। अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के बाद रामलला की पुरानी मूर्ति को तंबूनुमा स्थल पर रखा गया था। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन मंदिर परिसर को फिर से बंद करना चाहता है। उन्होंने लोगों से ऐसी भ्रष्ट ताकतों को दूर करने का अनुरोध किया।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को नक्सलवाद में झोंका और कई परिवारों को बर्बाद कर दिया जबकि भाजपा ने देश में नक्सली हिंसा को नियंत्रित किया। नक्सलवाद की मार झेल रहे झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों पर जोर देते हुए मोदी ने वादा किया कि प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान वह देश से नक्सलवाद और आतंकवाद का सफाया कर देंगे। मोदी ने आरोप लगाया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन घुसपैठियों को संरक्षण दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना राष्ट्र के हित में सबसे बड़े कदमों में से एक है और उन्हें खुशी है कि वहां के लोग दशकों बाद सोमवार को लोकतंत्र का त्योहार मना सके।

## एक नजर

### साक्षी महाराज को धमकी मामले में दोषी को सजा

**लखनऊ।** जनपद उन्नाव के सांसद स्वामी साक्षीजी महाराज को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले मे दोषी करार दिये गये आरोपी मो0 गफ्फार को एटीएस के विशेष मजिस्ट्रेड प्रदीप यादव ने तीन माह छह दिन की सजा सुनाई है। अदालत में एटीएस की ओर से अभियोजन अधिकारी राजेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि उन्नाव के सांसद स्वामी साक्षी जी महाराज को उनके मोबाइल पर 16 व 17 अक्टूबर 2019 को अज्ञात नंबर से अभद्र व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर बम से उड़ा देने की धमकी दी गई थी। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारी को की। गहन छानबीन एवम टेलीफोन सेवा प्रदाता कंपनियों से जानकारी के बाद पता चला कि आरोपी ने कुवैत मे रहने के दौरान अपने फोन से सांसद साक्षी महाराज को कई बार फोन करके बम से उड़ाने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था।

### रामभद्राचार्य के खिलाफ टिप्पणी में दो गिरफ्तार

**अयोध्या।** तारुन थाना पुलिस ने धर्मगुरु रामभद्राचार्य के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आपत्तिजनक व अश्लील टिप्पणी करने के मामले में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में थाना क्षेत्र के सत्येन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि क्षेत्र के कुलदीप गौड़ ने सोशल मीडिया पर धर्मगुरु रामभद्राचार्य की एक वीडियो अश्लील तरीके से अपलोड की। उस वीडियो डिलीट करने को कहा गया, लेकिन ऐसा नहीं किया। वहीं नरायनपुर निवासी मो. तालिब ने अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी की। थाना प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### एलओसी के पास से घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक गांव से एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी घुसपैठिए को सोमवार को जम्मू के बाहरी इलाके खौर के पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास मिलन डी खुई गांव से गिरफ्तार किया गया, जिसने अपनी पहचान कराची निवासी जहीर खान के रूप में बताई है। पुलिस दल ने उसे संदिग्ध तरीके से घूमते हुए देखा और उसे स्थानीय पुलिस चौकी ले जाया गया जहां उसने अपनी पहचान बताई और दावा किया कि वह अनजाने में सीमा में घुस आया है।

### नाम के अनधिकृत उपयोग पर जैकी श्रॉफ गए कोर्ट

**नई दिल्ली।** अभिनेता जैकी श्रॉफ ने वाणिज्यिक लाभ के लिए कई संस्थाओं द्वारा बिना लाइसेंस के उनके नाम और व्यक्तिगत विशेषता का उपयोग किए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अभिनेता की ओर से पेश अधिवक्ता ने उत्पाद की बिक्री, रिंगटोन, वॉलपेपर के साथ-साथ अपमानजनक मीम और एआई के उपयोग के जरिए व्यक्तिगत और प्रचार अधिकारों के दुरुपयोग पर आपत्ति जताई।

### पूर्व जज गंगोपाध्याय की याचिका को सूची से हटाया

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश जय सेनगुप्ता की पीठ ने मंगलवार को पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की उस याचिका को सूची से बाहर कर दिया, जिसमें उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के पूर्व जज ने सोमवार को तमलुक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने के दौरान कुछ लोगों के विरोध प्रदर्शन की कथित घटना में उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया था।

# 99% आबादी को लाभ वाली नीतियों को रेवड़ी बताती है मोदी सरकार : कांग्रेस

## कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने वित्त मंत्री की टिप्पणी को लेकर किया पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- चार जून को इंडिया गठबंधन जीतेगा और भारत बदलेगा

कांग्रेस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की एक टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की 99 प्रतिशत आबादी को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों को रेवड़ी बताना मोदी सरकार की आदत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन सरकार बनने पर पार्टी की ओर से घोषित योजनाओं का उचित ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा।

भाजपा नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया था। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस को गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत के बारे में पता भी है?

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के ऐतिहासिक न्याय पत्र घोषणापत्र की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया है और इसके व्यावहारिक प्रस्तावों को ऐसे बड़े वादे के रूप में वर्णित किया है जो वित्तीय रूप से महंगा साबित सकता है। इस बात पर ध्यान न दें कि पिछले दो दशकों में जीडीपी वृद्धि, निवेश और रोजगार सृजन राजग की तुलना में संप्रग सरकार के तहत अधिक थे। संप्रग ने अपना कार्यकाल मोदी सरकार की तुलना में कम राजकोषीय घाटे और राष्ट्रीय ऋण (जीडीपी के प्रतिशत के रूप में) के साथ समाप्त किया। उनका कहना था, यह वही डराने वाली बात थी जो भाजपा ने 2004 में असफल रूप से की थी, जिसके बाद संप्रग ने सत्ता संभाली और भारत का अब तक का सबसे अच्छा आर्थिक प्रदर्शन रहा। रमेश के अनुसार, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सीतारमण, महालक्ष्मी (प्रत्येक गरीब परिवार को एक लाख रुपये) या पहली नौकरी पक्की (25 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक स्नातक या डिप्लोमा धारक को एक लाख रुपये की प्रशिक्षुता) जैसी आवश्यक योजनाओं को खर्चीली मानती हैं।

### योजनाओं का उचित क्रियान्वयन होगा

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री मैं प्याज नहीं खाती जैसी असंवेदनशील टिप्पणियों के साथ खाद्य पदार्थों की आसमान छूती कीमतों को नजरअंदाज करने के लिए जानी जाती हैं। रमेश ने कहा, अगले महीने से भारत सरकार द्वारा योजनाओं को उचित ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा। मोदी सरकार की यह आदत है कि वह केवल उन नीतियों को रेवड़ी के रूप में वर्णित करती है, जिनका उद्देश्य 99 प्रतिशत आबादी को लाभ पहुंचाना है, जबकि प्रधानमंत्री के करीबियों को दिए गए अरबों डॉलर को इस श्रेणी से बाहर रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा, अच्छी खबर यह है कि ये जनविरोधी नीतियां चार जून, 2024 को समाप्त हो जाएंगी। इंडिया जीतेगा और भारत बदलेगा।

## भाजपा नेता सिन्हा हत्याकांड में रीतलाल यादव समेत चार बरी

**पटना।** बिहार में पटना की विशेष सत्र अदालत ने भाजपा नेता सत्यनारायण सिन्हा की हत्या के मामले में दानापुर विधायक रीतलाल यादव समेत चार आरोपियों को मंगलवार को बरी कर दिया।

सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष सत्र अदालत के न्यायाधीश विनय प्रकाश तिवारी ने सुनवाई के बाद मामले में आरोपित दानापुर विधायक रीतलाल यादव, सुनील यादव उर्फ काना, संजय यादव उर्फ बेगा और श्रवन यादव को आरोपों से बरी किए जाने का निर्णय सुनाया। मामले की प्राथमिकी मृतक सत्यनारायण सिन्हा की पत्नी पूर्व विधायक आशा सिन्हा के लिखित आवेदन पर 1 मई 2003 को दर्ज हुई थी। प्राथमिकी के अनुसार आशा जब इलाज के लिए खगौल जा रही थी तो रास्ते में रोककर रीतलाल एवं अन्य लोगों ने गोली मारकर सत्यनारायण सिन्हा की हत्या कर दी थी।

# रायबरेली और अमेठी वाले जब पुकारेंगे तो हम आएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल ने सोनिया के साथ वीडियो जारी कर ताजा कीं पुरानी यादें

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को अपनी मां सोनिया गांधी के साथ अपना वीडियो जारी कर रायबरेली एवं अमेठी से अपने परिवार की पुरानी यादों का उल्लेख किया और कहा कि इन दोनों संसदीय क्षेत्रों की जनता ने उनके परिवार को सब कुछ दिया है और लोग जब भी पुकारेंगे, वह वहां जाएंगे।

सोनिया गांधी और राहुल गांधी छह मिनट 12 सेकेंड की अवधि वाले इस वीडियो में रायबरेली और अमेठी से जुड़ी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की तस्वीरें वाले अलबम को पलटते और दोनों क्षेत्रों से पुराने रिश्तों के बारे में बात करते देखे जा सकते हैं। राहुल गांधी ने यह वीडियो एक्स पर पोस्ट कर कहा, रायबरेली और अमेठी हमारे लिए सिर्फ चुनाव क्षेत्र नहीं, हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गयी, जिनकी शुरू की गयी सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई। उन्होंने कहा, प्रेम और विश्वास की बुनियाद पर खड़े 100 वर्षों से भी पुराने इस रिश्ते ने हमें सब कुछ दिया है। अमेठी और रायबरेली जब भी हमें पुकारेंगे, हम वहां मिलेंगे। उनका कहना है कि वह रायबरेली में इंदिरा गांधी एवं सोनिया गांधी के कार्यों को आगे ले जाएंगे।

# दिल्ली के डॉक्टर से 1.17 करोड़ ठगने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चैरिटी अस्पताल के लिए गोसाईंगंज में जमीन खरीद रहे थे डॉक्टर
- किसान की जगह दूसरे से करा दिया जमीन का बैनामा

**अमृत विचार:** दिल्ली के डॉ. आकाश सिंघल से जमीन दिलाने के नाम पर 1.17 करोड़ की ठगी की गई। मामले में गोसाईंगंज पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने डॉक्टर से रुपये लेने के बाद किसान की जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ाकर जमीन की रजिस्ट्री करा दी थी।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों में बाराबंकी के लोनी कटरा निवासी करन वर्मा और रामसनेही घाट तिवारीपुर निवासी भूपेंद्र सिंह शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि डॉ. आकाश लखनऊ में एक चैरिटी अस्पताल खोलने वाले थे। इसके लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इसकी जानकारी दोनों को हुई। दोनों ने डॉ. आकाश की सरसवां के सरस्वतीपुरम निवासी जितेंद्र यादव से मुलाकात कराई। जितेंद्र ने यूसुफनगर बगियामऊ निवासी जयपाल से जमीन के सिलसिले में बातचीत कराई।

### 2.40 करोड़ में हुआ था सौदा

पुलिस के मुताबिक जयपाल ने सदरपुर करोरा गोसाईंगंज में स्थित अपनी जमीन 2.40 करोड़ में बेचने की बात कही। इसके बाद डाक्टर से 60 लाख रुपये नकद और 57 लाख बैंक खाते में देने की बात तय हुई। किसान जयपाल से मिलकर आरोपियों ने 10 लाख रुपये लेकर जमीन का बयाना करवा दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि करन ने अपने मित्र भूपेंद्र से जयपाल नाम का व्यक्ति तैयार करने को कहा। भूपेंद्र ने असलम निवासी बघौरा बाराबंकी को तैयार कर जयपाल के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद 22 सितंबर 2023 को उसे खड़ा करके डाक्टर के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवा दी। ठगी की जानकारी होने पर आकाश ने प्राथमिकी दर्ज कराई।

## कर्नाटक में कई जगहों पर एसआईटी ने छापेमारी की

### यौन शोषण मामला

**बेंगलुरु।** जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को कर्नाटक के हासन जिले और उसके आसपास कई स्थानों पर छापेमारी की।

सूत्रों ने बताया कि छापेमारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता के करीबियों के आवासों और कार्यालयों पर की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी यह पता लगाने के लिए की जा रही है कि कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो कहां से लीक हुए। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में फिर से चुनाव लड़ रहे प्रज्वल फरार हैं और इंटरपोल ने उनका पता लगाने के लिए 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया है।

## आबकारी घोटाला: कविता की न्यायिक हिरासत 20 तक बढ़ी

- अदालत के समक्ष पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी आरोपी हैं।

कविता को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत के समक्ष पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। न्यायाधीश बावेजा ने मामले में ईडी की ओर से दायर किए गए नए आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के मुद्दे पर भी आदेश 20 मई के लिए सुरक्षित रख लिया। एजेंसी ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश को बताया कि अभियोजन पक्ष की शिकायत में कविता के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, जो ईडी के आरोपपत्र के बराबर हैं। ईडी ने शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 200 पृष्ठ का आरोपपत्र दायर किया। इसमें कविता, गोवा में आप का चुनाव प्रचार अभियान संभालने वाली कंपनी (चेरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड) के तीन कर्मचारियों- दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार और चनप्रीत सिंह और इंडिया अहेड न्यूज चैनल के पूर्व कर्मचारी अरविंद सिंह को नामजद किया गया है।

# बीआरओ रक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : डीजीबीआर

जम्मू, एजेंसी

- बीआरओ ने हासिल की अखनूर-पुंछ राजमार्ग पर सुंगल सुरंग में सफलता

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डीजीबीआर) रघु श्रीनिवासन ने मंगलवार को अखनूर-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रणनीतिक सुंगल सुरंग के निर्णायक समारोह की समीक्षा करते हुए कहा कि बीआरओ रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी), नियंत्रण रेखा (एलसी) और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर रणनीतिक सड़कों का निर्माण एवं उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध है।

बीआरओ ने अखनूर-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रणनीतिक सुंगल सुरंग में बड़ी सफलता हासिल की है। जम्मू स्थित रक्षा पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने मंगलवार को कहा कि 'द गोल्डन आर्क रोड' (अखनूर-पुंछ) 200 किलोमीटर का एक बहुत पुराना और अत्यधिक रणनीतिक मार्ग है जो दक्षिण कश्मीर और जम्मू क्षेत्र को पश्चिम से जोड़ता है। यह अखनूर, राजौरी और पुंछ जैसे महत्वपूर्ण सीमावर्ती जिलों को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि इस खंड में चार प्रमुख सुरंगें हैं, कंडी सुरंग, सुंगल सुरंग, नौशेरा सुरंग और भिंबर गली सुरंग। पीआरओ ने कहा कि अखनूर को पुंछ से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग 144ए का निर्माण मंगलवार को एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंच गया क्योंकि सुंगल सुरंग के लिए ब्रेकथ्रू समारोह हुआ।

सत्ताइस सौ नब्बे (2790) मीटर लंबी प्रभावशाली सुरंग अखनूर और पुंछ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। डीजीबीआर लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने ब्रेकथ्रू समारोह की समीक्षा की, जो सुरंग की निर्माण गतिविधि में बड़ी सफलता का प्रतीक है। इस साल 28 जनवरी को नौशेरा सुरंग में सफलता हासिल की गई, जो राजौरी और पुंछ के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में बीआरओ के प्रयासों को दर्शाता है। पीआरओ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रगति हुई है और परियोजना 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है।

## पंजाब में आंतकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार


- मास्टरमाइंड इकबाल प्रीत सिंह विदेश से कर रहा था संचालित

**चंडीगढ़।** पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि राज्य में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर उसके प्रमुख संचालक सहित चार सदस्यों को गिफ्तार किया गया है। मुख्य संचालक की पहचान गुरविंदर सिंह उर्फ शेरा के रूप में की गई है और इसका मास्टरमाइंड इकबाल प्रीत सिंह उर्फ बुच्ची विदेश में रहकर इसे संचालित करता था।

डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस के गैंगस्टर रोधी कार्यबल (एजीटीएफ) ने चारों आरोपियों को राजपुरा के लिबर्टी चौक से गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रमोद बान की देखरेख में एजीटीएफ टीम ने लिबर्टी चौक पर जांच चौकी स्थापित की और सहायक महानिरीक्षक गुरमीत सिंह चौहान और पुलिस उपाधीक्षक बिक्रमजीत सिंह बराड़ के नेतृत्व में टीम ने इनकी गिरफ्तारी की। शेरा ने पूछताछ में खुलासा किया कि बुच्ची ने पंजाब में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने के लिए इन लोगों को एकजुट किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से तीन पिस्तौल और 13 कारतूस बरामद किए गए और जिस कार में वे यात्रा कर रहे थे उसे जब्त कर लिया गया। बयान के मुताबिक बुच्ची के निर्देश पर लक्षित हत्याओं की साजिश रचने के आरोप में 2022 में एजीटीएफ ने शेरा को गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर था।

# शक्तिशाली सौर तूफान ने पृथ्वी को किया प्रभावित

बेंगलुरु, एजेंसी



- ताकत के मामले में 2003 के बाद से सबसे बड़ा भू-चुंबकीय तूफान
- सूर्य के अत्यधिक सक्रिय क्षेत्र एआर 13664 के कारण हुआ था उत्पन्न
- एक्स श्रेणी की चमक और कोरोना द्रव्य उत्क्षेपण के करण हुआ प्रवाह

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि मई महीने की शुरुआत में एक शक्तिशाली सौर तूफान ने पृथ्वी को प्रभावित किया था।

इसरो के अनुसार यह सौर तूफान सूर्य के अत्यधिक सक्रिय क्षेत्र एआर 13664 के कारण उत्पन्न हुआ था। इस क्षेत्र से पृथ्वी की ओर एक्स श्रेणी की चमक और कोरोना द्रव्य उत्क्षेपण (सीएमई) का प्रवाह हुआ। इसने कहा कि भू-चुंबकीय तूफान 2003 के बाद से सबसे तीव्र था जिससे संचार और जीपीएस प्रणाली में बाधा उत्पन्न हुई।

इसरो ने कहा कि यह अपनी ताकत के मामले में 2003 के बाद से सबसे बड़ा भू-चुंबकीय तूफान है, क्योंकि सूर्य पर धधकने वाला क्षेत्र 1859 में हुए ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कैरिंगटन घटनाक्रम जितना बड़ा था। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कई एक्स श्रेणी की चमक और सीएमई पृथ्वी से टकराए हैं। इसरो ने बताया कि इसका (सीएमई) उच्च अक्षांशों पर गंभीर प्रभाव पड़ा जहां उत्तरी ध्रुव के ऊपर से जाने वाली उड़ानों का मार्ग पहले से ही बदले जाने की सूचना मिल रही है। अगले कुछ दिनों में और अधिक घटनाएं हो सकती हैं।

अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार भारतीय क्षेत्र कम प्रभावित हुआ क्योंकि तूफान की मुख्य घटना 11 मई की सुबह हुई, जब आयनमंडल पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ था। इसके अलावा, निचले अक्षांश पर होने के कारण भारत में बिजली आपूर्ति पर बड़े पैमाने पर असर होने की सूचना नहीं मिली है।

### आदित्य-एल1 और चंद्रयान-2 ने किया अवलोकन

इसरो ने कहा कि उसने इस घटना के प्रभाव को दर्ज करने के लिए अपने सभी अवलोकन मंचों और प्रणालियों सक्रिय कर दिया है। आदित्य-एल1 और चंद्रयान-2 दोनों ने अवलोकन किया है तथा प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। अब तक के सबसे शक्तिशाली सौर तूफान को 'कैरिंगटन घटनाक्रम' के नाम से जाना जाता है जो सितंबर 1859 में धरती से टकराया था। उस तूफान के असर से टेलीग्राफ लाइनों में अत्यधिक करंट के कारण तकनीशियनों को बिजली का जबरदस्त झटका लगा था और कुछ टेलीग्राफ उपकरण जल गए थे।

## बीजापुर में 30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- मुख्यमंत्री विष्णु देव ने नक्सलियों के पुनरुद्धार की कही बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लाई गई आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। बीजापुर जिले में 30 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने पर प्रशासन व सरकार ने जो नीति लागू की है उससे नक्सली अपने लिए वरदान मानते हैं। इस नीति के तहत नक्सलियों के आत्मसमर्पण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है।

उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए कार्य करने की बात कही है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बीजापुर के 30 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इस माओवाद के कुचक्र में फंस चुकी बस्तर की आम आदिवासी जनता भी अब पुनः मुख्यधारा में आने का प्रयास कर रही है, जो स्वागतेय है। गौरतलब है कि आदिवासी क्षेत्रों में विकास के लिए विष्णु सरकार ने नियद नेल्लानार योजना मतलब आपका अच्छा गांव योजना की शुरुआत की है। जिससे कि गांव में सारी मूलभूत सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से भी नक्सली प्रभावित होकर बंदूक छोड़ रहे हैं।

